दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अब ज्यादा फिल्में करने का लिया है ......

तुरंत कर दिया नागिन के लिए ......

वर्ष : 10 | अंक : 334 | लखनऊ, 17 नवम्बर, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## आतंकवादी अब अपने घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं...

### बिना नाम लिए पाकिस्तान पर बरस पड़े पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछली सरकारों के शासन के विपरीत आतंकवादी अब अपने घरों में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। दिल्ली में एचटी लीडरशिप समिट में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकारों के समय आतंकवाद के कारण लोग असुरक्षित महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि अब समय बदल गया है और अब आतंकवादी अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार वोट बैंक राजनीति से दूर रहती है और देश के विकास के लिए काम कर रही है।

मोदी ने कहा कि अंग्रेज जब भारत छोड़कर जा रहे थे, तो ये कहा गया कि ये देश बिखर जाएगा, टूट जाएगा। जब इमरजेंसी लगी तो कुछ लोगों ने ये मान लिया था कि अब तो इमरजेंसी हमेशा ही लगी रहेगी। कुछ लोगों ने, कुछ संस्थानों ने इमरजेंसी थोपने वालों की ही शरण ले ली थी, लेकिन तब भी भारत का नागरिक उठ खड़ा हुआ। जब कोरोना का मुश्किल समय आया तो दुनिया को लगता था कि भारत उन पर बोझ बन जाएगा। लेकिन भारत के नागरिकों ने कोराना के खिलाफ एक मजबूत लडाई लड़कर दिखाई।

एचटी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आपके अखबार की खबर में मैंने उस उत्साह को महसूस किया, जो अक्टूबर 1947 में कश्मीर के विलय के बाद हर देशवासी में थे। हालांकि उस पल मुझे इसका भी एहसास हुआ कि कैसे अनिर्णय की स्थितियों ने कश्मीर को हिंसा में घेर कर रखा। आज आपके अखबार में जम्मू-कश्मीर में हुई रिकॉर्ड वोटिंग जैसी खबरें छपती हैं। ये अंतर है। उन्होंने कहा कि अभी कल ही मैं बोडोक्षेत्र के लोगों के साथ एक शानदार कार्यक्रम में मौजूद था और मैं हैरान हूं कि दिल्ली की मीडिया ने इसे कवर ही नहीं किया। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि पांच दशक बाद बम, बंदूक और पिस्तौल छोड़कर दिल्ली की छाती पर बोडो के नौजवान बोडो संस्कृति महोत्सव मना रहे हैं। बोडो शांति समझौते के कारण इन लोगों का जीवन बदल गया है।

## झारखंड चुनाव दो विचारधाराओं प्रेम और नफरत के बीच मुकाबला: तेजस्वी यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को झारखंड चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला करार देते हुए कहा कि एक विचारधारा नफरत और विभाजन जबकि दूसरी प्रेम, विकास और संवैधानिक संरक्षण पर केंद्रित है। देवघर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा 2019 में सरकार बनाने के अपने प्रयासों में विफल रही थी, जिसके बाद उसने राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया था। यादव ने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला के बीच मुकाबला है। एक विचारधारा नफरत और विभाजन जबकि दूसर प्रेम, विकास और संवैधानिक संरक्षण पर केंद्रित है।

## अखिलेश यादव पर बरसे सीएम योगी

### जिन्ना की मुस्लिम लीग जैसा सपा का व्यवहार...

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अलीगढ़ में एक सार्वजनिक रैली के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला किया, जिसमें अखिलेश यादव की पार्टी और मुस्लिम लीग के बीच एक समानता बताई गई। योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर मुस्लिम लीग के समान विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने 1906 में भारत के विभाजन की नींव रखी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1906 में भारत के विभाजन की नींव रखने वाली मुस्लिम लीग की स्थापना भी अलीगढ़ में ही हुई थी। अलीगढ़ ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया, लेकिन समाज को सांप्रदायिक आधार पर बांटने के उनके इरादे कामयाब हो गए। वही काम जो काम उस समय मुस्लिम लीग कर रही थी वही काम अब समाजवादी पार्टी कर रही है। उनके इरादों को कामयाब नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि याद रखें कि मुस्लिम लीग की नींव इस्लामाबाद या कराची या ढाका में नहीं थी। यहीं अलीगढ में था। खतरनाक इरादे अभी भी खत्म नहीं हुए हैं। जो काम उस समय मुस्लिम लीग कर रही थी वही काम अब समाजवादी पार्टी कर रही है। उनके इरादों को कामयाब नहीं होने देना है। एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने भारत की विरासत के प्रति समाजवादी पार्टी की कथित उपेक्षा की आलोचना की थी और इसकी तुलना अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े गौरव से की थी। 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले अंबेडकरनगर के कटेहरी और मिर्जापुर के मझावन निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 से पहले, विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया और हमारी विरासत का अनादर किया। आज, राम लला को भव्य राम मंदिर में स्थापित किया गया है अयोध्या में, एक ऐसा दृश्य जो देश के हर नागरिक को गर्व से भर देता है। यह हमारी विरासत है, जिसका समाजवादी पार्टी के लोगों ने बार-बार अपमान किया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## भाजपा स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव में विश्वास रखती है: अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव अधिकारियों ने उनके हेलीकॉप्टर और बैग की जांच की। शाह 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नीत महायुति के लिए प्रचार करने के वास्ते महाराष्ट्र में हैं। गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में विश्वास करती है तथा सभी निर्धारित नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करती है। उन्होंने कहा, एक स्वस्थ चुनाव प्रणाली में, हम सभी को योगदान देना चाहिए और भारत को दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए अपने कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए। चुनाव अधिकारियों द्वारा नेताओं के सामान की जांच करने का मुद्दा चुनावी चर्चा में तब आया जब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने बैग की जांच का वीडियो बनाया और इसे साझा कर दिया। ठाकरे ने सवाल किया था कि क्या चुनाव अधिकारियों ने मुख्यमंत्री, राज्य के दो उपमुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह के बैग की जांच की है।

## अस्पताल में आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की मौत

### 35 से अधिक बचाए गए, सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार




झांसी, उत्तर प्रदेश के झांसी में बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भीषण आग लग गई। इस आग लगने की घटना में 10 नवजात शिशुओं की जलने और दम घुटने से मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज में हुई ये घटना बड़ा हादसा है। इस बड़े हादसे के बाद शनिवार सुबह झांसी पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि वार्ड में कुल 49 बच्चे हैं, जबकि वार्ड की क्षमता केवल 18 बिस्तरों की है। जानकारी के मुताबिक आग लगने के बाद सात बच्चों के शवों की पहचान हो गई है, जबकि तीन की पहचान नहीं हो पाई है। बृजेश पाठक ने बताया कि उनकी पहचान करने और उनके परिजनों तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि आग में घायल हुए 17 अन्य बच्चों का फिलहाल मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी विंग और अलग अलग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से सात को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

#### घटना पर पुलिस ने दी जानकारी

झांसी में अस्पताल में लगी आग की घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानपुर जोन) आलोक सिंह ने बताया कि घटना के समय वार्ड में 47 शिशु भर्ती थे। इनमें से 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई तथा 37 को बचा लिया गया।

#### सीएम योगी ने दिए आदेश

इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। साथ ही उन्होंने झांसी के मंडलायुक्त और पुलिस उपमहानिरीक्षक को घटना की जांच करने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों को 12 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने पोस्ट किया, जनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में हुई दुर्घटना में बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### राज्य सरकार ने उठाए ये कदम

उत्तर प्रदेश सरकार ने झांसी त्रासदी की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए है। वहीं योगी आदित्यनाथ ने आग की घटना में मरने वाले बच्चों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये और घायलों के परिवारों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की। बृजेश पाठक ने कहा कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे चार बच्चों के इलाज का खर्च वहन करेगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### उत्तर गुजरात के पाटन जिले में 4.2 तीव्रता का भूकंप, कोई नुकसान नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर गुजरात के पाटन जिले में शुक्रवार रात 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी है। गांधीनगर स्थित राज्य नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों ने बताया कि भूकंपीय हलचल महसूस होने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, लेकिन क्षेत्र में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप रात 10:15 बजे दर्ज किया गया और इसका केंद्र पाटन से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। उत्तरी जिलों- बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा और मेहसाणा से प्राप्त रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भूकंप के झटके दो से तीन सेकंड तक महसूस किये गये।

### मनसे सत्ता में आई तो वैभवशाली महाराष्ट्र बनेगा : राज ठाकरे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को नागरिकों से राज्य को वैभवशाली बनाने के लिए उनकी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। ठाणे शहर और कल्याण में कई रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता की आलोचना की और कहा कि इसमें पूर्ण बदलाव की जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों में फंसने के बजाय महाराष्ट्र के कल्याण को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा, वास्तविक विकास के लिए मनसे को वोट दें।

## गौतम अडानी को धारावी की जमीन देने के लिए भाजपा ने गिराई थी एमवीए की सरकार : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, महाराष्ट्र के अमरावती में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता का करोड़ों रुपया सरकार ने हड़प लिया। आज महाराष्ट्र का हर व्यक्ति जानता है कि वह सरकार क्यों चुराई गई थी। उन्होने कहा कि ऐसा धारावी के कारण किया गया क्योंकि बीजेपी के लोग, नरेंद्र मोदी, अमित शाह धारावी की जमीन, महाराष्ट्र के गरीबों की जमीन, 1 लाख करोड़ रुपये की जमीन अपने दोस्त गौतम अडानी को देना चाहते थे, इसीलिए सरकार आपके हाथ से महाराष्ट्र छीन लिया गया है।

राहुल ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ इंडिया गठबंधन और दूसरी तरफ बीजेपी-आरएसएस है। हम कहते हैं कि देश संविधान से चलना चाहिए और नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संविधान एक खोखली किताब है, इसमें कुछ नहीं लिखा है। ये किताब बीजेपी-



आरएसएस के लोगों के लिए खोखली होगी, लेकिन हमारे लिए ये इस देश का ऊठअ है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जैसे मैंने अभी कहा कि शायद नरेंद्र मोदी का मेमोरी लॉस हो गया है। लेकिन मीडिया कहेगी कि उनकी मेमोरी बहुत जबरदस्त है। मीडिया बताएगी किः नरेंद्र मोदी कोई भी बात सुन लेते हैं तो 70 साल तक नहीं भूलते। फिर ये भी बताएंगे कि जब वो छोटे थे, तो वो झील में मगरमच्छ से लड़े थे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मेरी बहन मुझे बता रही थी कि उसने मोदी जी का भाषण सुना है। और उस भाषण में हम जो कहते हैं, वही बात आजकल मोदी जी भी कह रहे हैं। मुझे नहीं पता, शायद वह अपनी याददाश्त खो चुके है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति भूल जाते थे, उन्हें पीछे से याद दिलाना पड़ता था। यूक्रेन के राष्ट्रपति आए और अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन आए हैं। वह अपनी याददाश्त खो चुके हैं, उसी तरह हमारे प्रधानमंत्री भी अपनी याददाश्त खो रहे हैं।'

## उच्चतम न्यायालय ने थूथुकुडी में संयंत्र बंद करने के खिलाफ वेदांता की पुनर्विचार याचिका खारिज की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में वेदांता समूह के कॉपर स्मेल्टिंग प्लांट (तांबा गलाने वाले संयंत्र) को बंद करने के खिलाफ दाखिल उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को रेखांकित करते हुए, प्रदूषण संबंधी चिंताओं के कारण मई 2018 से बंद थूथुकुडी स्थित वेदांता के संयत्र को पुनः शुरू करने की उसकी याचिका को 29 फरवरी को खारिज कर दिया था। यह संयंत्र मई 2018 से बंद है, जब पुलिस ने संयंत्र से होने वाले कथित प्रदूषण के कारण हुए विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए गोलीबारी की थी। इस दौरान 13 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने समीक्षा याचिका को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के वेदांता के आवेदन को भी खारिज कर दिया। पीठ ने 22 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा, पुनर्विचार याचिकाओं की समीक्षा करने के बाद, रिकॉर्ड में कोई गलती नहीं पाई गई है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के एक नियम के तहत पुनर्विचार के लिए कोई मामला नहीं बनता है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महायुति के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई, महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का दौर जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महायुति के समर्थन में मुंबई में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 2.5 साल से लगातार युद्ध चल रहा है। जब रूस और यूक्रेन के बीच यह युद्ध शुरू हुआ, तो हमारे कई बच्चे वहां पढ़ते थे, इसलिए यहां मौजूद उनके माता-पिता ने प्रधान मंत्री से मुलाकात की और उनसे अपने बच्चों को यूक्रेन से वापस लाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की और आप जानते ही होंगे कि युद्ध साढ़े चार घंटे के लिए रुक गया और हमारे 22,000 बच्चे वहां से भारत आ गए। भारत ने वो काम कर दिखाया जो कोई देश नहीं कर सका।

इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने जातिगत जनगणना को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। राजनाथ ने कहा कि हमारे नौजवान नेता राहुल गांधी हाथ में कुछ लाल लिए रहते हैं, कहते हैं कि संविधान है। जहां भी जाते हैं, उसे दिखाते हैं। वो कहते हैं कि जातिगत जनगणना कराकर रहूंगा। जातिगत जनगणना कराकर करोगे क्या? देश की जनता को गुमराह करके राजनीति नहीं की जानी चाहिए। इससे पहले राजनाथ सिंह ने कहा था कि विश्वसनीयता किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी संपत्ति है और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने कभी भी इसके साथ समझौता नहीं किया, जबकि अन्य पार्टियां राजनीतिक लाभ के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए झूठे वादे करती हैं।

उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने और अगले दो कार्यकाल के लिए राजग सरकार बनाने में भाजपा की मदद करने का आग्रह किया ताकि झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाया जा सके। रक्षा मंत्री ने रांची के खिजरी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, विश्वसनीयता किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी पूंजी होती है और भाजपा इससे कभी समझौता नहीं करती। इसने जनसंघ के समय से किए गए सभी वादों को पूरा किया है, जबकि अन्य राजनीतिक दल झूठे वादे करते हैं और सत्ता में बने रहने के लिए जनता को धोखा देते हैं।

## पंजाब में केजरीवाल की रैली से पहले किसानों ने कर दिया प्रदर्शन, आप इस बात से हैं खफा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय किसान यूनियन (एकता-उग्राहां) के कार्यकताओं ने पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ते हुए जबरन चुनाव रैली स्थल पर पहुंच गए, जहां आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शनिवार को गिद्दड़बाहा में आप समर्थकों को संबोधित करने वाले थे। केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए, झंडा सिंह जेठुके के नेतृत्व में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया और रैली स्थल में प्रवेश करने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया।

पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने और कार्यक्रम स्थल को सुरक्षित करने के लिए क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर दी थी। जब पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोका तो कार्यकर्ता जबरन बैरिकेड तोड़कर अंदर घुस गए। उन्हें आसपास के इलाके से हटा दिया गया और बाद में उन्होंने रैली स्थल के पास सड़क को अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए मॉल स्थापित करके और छोटी व्यावसायिक संस्थाओं को धमकी देकर खुदरा क्षेत्र में कॉर्पोरेट कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाले माहौल को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इस सीजन में खराब धान खरीद व्यवस्था के लिए पंजाब सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज हर गांव में युवाओं के लिए सरकारी नौकरी के अवसर पैदा करके पंजाब को देश के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। पंजाब पुलिस में 1,746 कांस्टेबलों की भर्ती के अवसर पर एक समारोह को संबोधित करते हुए, केजरीवाल ने युवाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से 48,000 से अधिक नौकरियां प्रदान करने की राज्य सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पंजाब के हर गांव में अब कम से कम एक सरकारी कर्मचारी है, जो सभी के लिए बेहद गर्व और संतुष्टि की बात है। युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां सृजित करने की यह गति जारी रहेगी, जिससे वे राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम होंगे।₹ केजरीवाल ने नवनियुक्त कांस्टेबलों को पंजाब की कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका पर जोर देते हुए लगन से सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ₹यह उन सभी के लिए गर्व की बात है कि वे सबसे अनुशासित और सुशोभित पंजाब पुलिस का हिस्सा बन रहे हैं।

## संक्षेप

### डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा स्थित एक विद्यालय में शुक्रवार रात आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेले में डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर जमकर लाठी- डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्ष से चार लोग चोटिल हो गए। बंथरा पुलिस ने दोनों पक्ष की तरफ से एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। अमांवा स्थित विद्यालय में शुक्रवार रात कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगा था। मेले में किशुन पुर कौड़िया निवासी शुभम डीजे बजा रहा था। शुभम का आरोप है कि मनपंसद गाना बजाने को लेकर ऐन गांव के ही साहिल, मुकेश, मोहित, भूरा उर्फ नीरज व तीन अन्य लोगों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। वहीं दूसरे पक्ष से नीरज का आरोप है कि शुभम ने चक गांव निवासी चमन व मनोज के साथ मिलकर पहले उसके चचेरे भाई साहिल को जमकर पीटा। इसके बाद बीच बचाव करने पर उस की व बड़े राजू के साथ मारपीट की। इंस्पेक्टर बंथरा के मुताबिक दोनों पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मोबाइल फाइनेंस कराने की बात नाम पर 17 लाख रुपये की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रानीखेड़ा निवासी सचिन पाल ने अपने छोटे भाई विपिन के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। सचिन पाल ने आरोप लगाते हुये बताया उसके नासमझ भाई विपिन को बहला-फुसलाकर आकाश यादव और मोनू यादव समेत अन्य दो लोगो ने मोबाइल फाइनेंस के बहाने बैंक में जाकर उसके दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए।इसके बाद आरोपियों ने विपिन के बैंक खाते में बिना उसकी जानकारी के लगभग 17 लाख रुपये का लेन-देन किया। सचिन पाल ने बताया कि आरोपितों ने उसके भाई का मोबाइल नंबर भी बदलवाया,जिसके चलते लेनदेन का पता नही चक सका।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा? दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### मरम्मत के चलते मोहनलालगंज का मऊ रेलवे फाटक आज रहेगा बंद...

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के जेल मार्ग पर पड़ने वाला रेलवे फाटक मरम्मत कार्य हुये आज पूरा दिन बंद रहेगा।मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन प्रभारी शैलेन्द्र ने बताया 17 नवंबर दिन रविवार को नई जेल रोड स्थित क्रासिंग गेट संख्या 196 सी मोहनलालगंज के ओवरहॉलिंग कार्य के चलते सुबह 9 बजे से देर शाम 6 बजे तक फाटक बंद रहेगा। जिसके चलते उक्त मार्ग पर यातायात संचालन पूरी तरह ठप्प रहेगा।

# सर्दियों से बचाने के लिए योगी सरकार ने कर दी बड़ी घोषणा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। योगी सरकार ने ठंड को देखते हुए प्रदेशवासियों को शीतलहर से बचाने के लिए कंबल और अलावा के लिए विभिन्न जिलों को पहली किस्त जारी कर दी है। योगी सरकार ने करीब 20 करोड़ आवंटित करते हुए निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत देने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि जरुरतमंदों को वितरित किये जाने वाले कंबलों की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निराश्रित व्यक्तियों, शरणार्थियों और प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। राहत विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को धनराशि आवंटित कर दी है। जिलाधिकारियों द्वारा कंबल और अलाव के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

### गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर के लिए सबसे ज्यादा धनराशि आवंटित

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर कमजोर वर्ग के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। योगी सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलायी जा रही हैं। सरकार कमजोर, असहाय वर्ग के लोगों को आपदा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ठंड की शुरूआत के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शीतलहरी से निपटने के लिए 351 तहसील को कंबल के लिए पहली किस्त के रूप में 17.55 करोड़ रुपये आवंटितक किए गए हैं।

वहीं अलाव के लिए एक करोड़ 75 लाख 50 हजार रुपये आवंटित किए गए। विभाग ने पहली किस्त के रूप में कुल उन्नीस करोड़ तीस लाख पचास हजार रुपये आवंटित किये हैं। इसमें 38 लाख 50 हजार रुपये की सर्वाधिक धनराशि गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के लिए आवंटित की गई है। सभी मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को ठंड से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### शेल्टर होम पर व्यवस्थापक का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य दशाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतलहरी से निपटने के लिए जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों, अपर जिलाधिकारियों, उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को चिह्नित करने के निर्देश दिये हैं। शीतलहरी से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम एवं ग्रामीण इलाकों के सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकतानुसार अलाव जलाने को कहा गया है। इसके अलावा हर शहर की सीमा के तहत मुख्य मार्गों एवं विशेषकर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सफेद थर्मोप्लास्टिक पेंट द्वारा पट्टियों को दशार्ने, रिफलेक्टर, सोलरकैट साईन एवं डेलिवेटर लगाने का काम समय से पूरा करने को कहा गया है, जिससे कोहरे के कारण दुर्घटना न हो।

इसके अलावा अभियान चलाकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कृषि कार्यों में उपयोग में आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेडियम की पीली पट्टी लगवाने को कहा गया है, जिससे कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नियत्रंण किया जा सके। शासन ने निर्देश दिया है कि सभी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में समय रहते रैन बसेरे एवं शेल्टर होम आदि की स्थापना कर ली जाए। रैन बसेरों-शेल्टर होम पर व्यवस्थापक का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य दशार्या जाए। जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रात में औचक निरीक्षण भी किया जाए।

# उत्तराखण्ड मे आयोजित हुवा राज्यस्तरीय योगासन

### प्रतियोगिता मे लखनऊ के विख्यात योग गुरु पं नवीन विशिष्ठ अतिथि के रूप मे पहुंचे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारत सरकार की योग प्रसार नीति के अन्तर्गत प्रेमनगर देहरादून में दिन शुक्रवार को योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ भारत की राज्यस्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता मे लखनऊ के विख्यात योग गुरु और पतंजलि योग समिति मे युवा प्रभारी योगाचार्य पं नवीन को बतौर विशिष्ट अतिथि जज के रूप मे आमंत्रित कर सम्मानित किया गया योग के क्षेत्र मे देश-विदेश मे ख्याति प्राप्त योग गुरु पं नवीन ने बताया की योगासन प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों और युवाओं मे योग के प्रति जागरूकता लाना है और योग के प्रति रूचि को बढ़ाना है इस प्रतियोगिता मे योग और जिम्नास्टिक के प्रशिक्षक अजीत कुमार, सुरेश वर्मा ,डा विशाल योगी, ऋषिकुल योगपीठ के स्पोर्ट कोर्डिनेटर अजय सिंह तथा ऋषिकुल योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष देवनाथ शुक्ल भी उपस्थित रहे

# पत्रकार को पीटने वाले अपराधी के विरुद्ध कठोर कारवाई करे पुलिस - राकेश शरण मिश्र

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मथुरा जनपद के इंडिया न्यूज के पत्रकार साथी वीर नारायण शर्मा पर मथुरा जनपद के दबंग माफिया भूरा के द्वारा सरेराह दौड़ा दौड़ा कर पीटे जाने और अपमानित किए जाने की घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश भर के पत्रकार और पत्रकार संघों में अत्यधिक आक्रोश पीड़ा व्याप्त हैं। वही घटना की जानकारी होते ही आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव राकेश शरण मिश्र ने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जल्द से जल्द घटना के आरोपी अपराधी के विरुद्ध कठोर कारवाई की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय सचिव राकेश शरण मिश्र ने मुख्य मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र पर करारा तमाचा है। क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और जब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर किसी भी गुंडे द्वारा इस प्रकार दिन दहाड़े हमला किया जाएगा सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर मारा पीटा जाएगा तो ऐसे में लोकतंत्र की रक्षा का सवाल खड़ा होता है। श्री मिश्र ने लिखा है कि मुख्यमंत्री जी पत्रकार साथी अपनी जान जोखिम में डाल करके समाज के शोषित पीड़ित मजलूमों के हक और अधिकार के लिए दिन-रात काम करते हैं इसके बावजूद भी उनकी सुरक्षा की जो व्यवस्था होनी चाहिए ना तो स्थानीय प्रशासन द्वारा और ना ही प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है जो बहुत ही दुखद है। अतः आपसे सादर अनुरोध है कि मथुरा में इंडिया न्यूज के पत्रकार साथी वीर नारायण शर्मा जी पर जान लेवा हमला करने वाले और दिनदहाड़े सड़क पर दौड़ाकर पीटने वाले अपराधी को अविलंब गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कठोर से कठोर करवाई करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं और साथ ही इंडिया न्यूज के पीड़ित पत्रकार साथी वीर नारायण शर्मा की जान माल की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करे अन्यथा आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन के बैनर तले उत्तर प्रदेश के पत्रकारों को एक जुट होकर के आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

### दो आइएएस अधिकारियों को मिला रेडक्रॉस सोसाइटी सम्मान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । लखनऊ में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों व समाजहित में दिये गए व्यापक योगदान के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2023 से दो आइएएस अधिकारी रविन्द्र कुमार व मंगला प्रसाद सिंह को सम्मानित किया गया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, उत्तर की ओर से इन्हें यह सम्मान दिया गया। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने इन दोनों ही अधिकारियों को सम्मानित किया। बलिया में जिलाधिकारी रहते हुए रविन्द्र कुमार ने भीषण अग्निकांड में 121 घर जलने के बाद प्रभावित लोगों को पुनर्वास में सहायता प्रदान करने और शासन के सहयोग से भरपूर राहत सामग्री का वितरण कराया। वहीं, गाजीपुर में जिलाधिकारी रहते हुए मंगला प्रसाद सिंह ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान में काफी अच्छा कार्य किया और सातवां स्थान प्राप्त किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश अव्वल, शहरी विकास में भी अग्रणी

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। पिछले सात सालों में 17.54 लाख से अधिक लाभार्थियों को आवास दिये गए हैं। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में तकनीक और मशीनरी के प्रयोग से शहरों को स्वच्छ बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण पर भी तेजी के साथ काम किया जा रहा है।

### दो दिवसीय ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन हुआ

उन्होंने शनिवार को स्थानीय निकाय निदेशालय में आयोजित प्रजातंत्र- 2024 के दो दिवसीय ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श शहर शासन के लिए अपने दृष्टिकोण और विचारों को साझा करने में सक्षम बनाने के लिए प्रमुख राष्ट्रीय युवा महोत्सव है। इसका आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, यूएन-हैबिटेट इंडिया और प्रजा फाउंडेशन द्वारा किया गया है।

### कार्यक्रम में 22 राज्यों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में 22 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 110 युवा भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन महत्वपूर्ण मिशन है। इसके अंतर्गत कचरा प्रबंधन और उसके निस्तारण और उसे दोबारा प्रयोग में लाने पर ध्यान दिया गया। वहीं, जनमानस के स्वभाव में परिवर्तन कराते हुए उन्हें स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है।

### पूर्व महापौर ने जन सहभागिता पर जोर डाला

लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने जन सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। शिमला के पूर्व डिप्टी मेयर टीकेंद्र सिंह पनवार ने शहरी विकास के लिए एक टिकाऊ माडल की आवश्यकता पर जोर दिया। बता दें कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के सहयोग से प्रजातंत्र का लखनऊ में यह पहला कार्यक्रम है।

# मंडलायुक्त ने फरियादियों की सुनी शिकायतें

**(मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त ने पहुंचकर सुनी फरियादियों की शिकायतें)**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने एडीएम पूर्वी अमित कुमार व एसडीएम बृजेश वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा समेत अन्य विभागो के ?अधिकारियो की मौजदूगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकरवाला निस्तारण के निर्देश दियें ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त डॉ० रोशन जैकब से सभासदों ने शिकायत करते हुए बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाले बीते दो तहसील दिवसो में ईओ मनीष राय की कार्यशैली एवं मनमानी के विरुद्ध शिकायत की जिस पर एडीएम वित्त एवं राजस्व को जांच कर आख्या मांगी थी परन्तु अबतक तहसील दिवस की शिकायत में जांच आख्या रिपोर्ट नहीं लगाई गई है जिस पर मंडलायुक्त ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को शिकायती पत्र जांच आख्या रिपोर्ट मांगी है। दूसरी शिकायत बछरावां मदारपुर निवासी रामेश्वर सिंह ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनका नाबालिग बेटा सूर्यांश सिंह सेना में भर्ती के लिए निगोहां स्थित 'द वर्ड फिटनेस जिम' जाता था। जिम संचालकों की लापरवाही से बेटे का हाथ टूट गया, लेकिन प्रतियोगिता जारी रही और उसे इलाज के बिना छोड़ दिया गया ।जिस पर कार्यवाही की मांग करते हुए आरोप लगाया कि जिम अवैध रूप से चल रहा था जिस पर मंडलायुक्त ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। तीसरी शिकायत दिलीप कुमार निवासी भद्दी सिर्ष ने प्रार्थना पत्र दिया कि वर्ष नवंबर 2021, जून-जुलाई 2022, जनवरी व जुलाई 2023, और अक्टूबर 2024 से तहसील दिवसों में लगातार शिकायत दर्ज करवाई तथा उच्चाधिकारियों से भी मिल चुका है लेकिन उसे कब्जा नहीं मिला है चौथी शिकायत कमलकांत सिंह निवासी 12 पुराना हैदराबाद नियर कालकाकर हाउस लखनऊ में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी लालपुर में स्थित गाटा संख्या 227रकबा 0.125 हे० है, दिनांक 23/4/2024 को एसडीएम मोहनलालगंज ने आदेश जारी कर मेड़बन्दी कराने के लिए 6/5/2024 को निश्चित किया लेकिन अभी तक मेड़बन्दी नहीं हुई ।पांचवी शिकायत गोविंदपुर गांव निवासी कलावती ने शिकायत करते हुए बताया कि वर्ष 2021 में आदेश के बाद भी जमीन की पैमाइश नहीं हुई जिसपर मंडलायुक्त डॉ रोशनड जैकब द्वारा मामले की जानकारी लेने पर वर्तमान और पूर्व कानू गो के पल्ला झाड़ने पर दोनों को फटकार लगाते हुए उन्होंने प्रार्थना पत्र पर एडवर्स एंट्री दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया।

# पराली से मोटी कमाई कर सकते हैं किसान, 'कृषि भारत-2024' में एक्सपर्टस ने बताया फॉर्मूला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृषि भारत-2024 में दूसरे दिन विशेषज्ञों ने पराली से कमाई को लेकर किसानों को जागरूक किया। विशेषज्ञों ने कहा कि नई तकनीक व मशीनों के उपयोग से पराली के विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर किसान अच्छी कमाई कर सकते हैं और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं।

साथ ही चीनी उद्योग में बदलाव के लिए """"शुगरटेक"""" में नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। वहीं पशु उद्योग के बारे में भी विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने पशु पालन से किसानों को होने वाली आय से लेकर पशुओं की देखरेख के लिए दुनियाभर में प्रयोग की जा रही मशीनों के बारे में भी जानकारी दी। लखनऊ की वृंदावन आवासीय योजना के मैदान में सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) व राज्य सरकार द्वारा आयोजित कृषि भारत में """"शुगरटेक 2024"""" के 10 वें संस्करण की मेजबानी भी की गई। उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कुमार विनीत ने कहा कि 2047 के अमृतकाल के दृष्टिकोण के मद्देनजर किसानों को नई तकनीक से गन्ने की खेती के लिए जागरूक करना होगा।

### खेती के क्षेत्र को उद्योग के रूप में बढ़ाने की जरूरत

उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी है कि खेती के क्षेत्र को उद्योग के रूप में आगे बढ़ाया जाए। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के सीईओ रोशन लाल तमक ने कहा कि चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश में न केवल चीनी उत्पादन में बल्कि इथेनाल, बायोगैस के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के मानद अध्यक्ष डा. आर जी अग्रवाल ने कहा कि संतुलित उर्वरक हमारे भविष्य की कुंजी है। स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विवेक वर्मा ने कहा कि परिवर्तनकारी भविष्य के लिए कृषि इंजीनियरिंग और चीनी प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना महत्वपूर्ण कदम होगा।

### लखनऊ में उकक द्वारा आयोजित 'कृषि भारत-2024, कृषि और प्रौद्योगिकी का महाकुम्भ' का शुभारंभ करते सीएम

वहीं किसान गोष्ठी में कृषि मशीनों का निर्माण करने वाले गुरसेवक बावा ने कहा कि पराली को एकत्र करके किसान उससे विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर सकते हैं। पराली विशेषज्ञ आसिम ने कहा कि पराली से कोयला बनाने से लेकर बायो मास प्लांट लगाकर किसान अच्छी कमाई कर सकते हैं। पशु उद्योग को लेकर आयोजित सम्मेलन में डेयरी, बकरी, सुअर व पोल्ट्री उद्योग को लेकर विशेषज्ञों ने सलाह दी कि किसान कृषि के साथ-साथ अतिरिक्त कमाई के लिए इन उद्योगों को भी अपना सकते हैं।

### प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

कृषि भारत में लगी प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों के किसानों द्वारा तैयार उत्पाद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। जैविक उत्पाद व अनाज के ग्राहकों की भीड़ भी प्रदर्शनी में उमड़ी रही। हाइड्रोफोनिक खेती से लेकर, ट्रैक्टर व कृषि के लिए उपयोग में लाई जाने वाली मशीनों का भी प्रदर्शन इस मौके पर किया गया था।

# काशी के तर्ज पर हुआ सोननद की महाआरती , हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान रहा सोनतट

## काशी से आये विद्वान ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ नगर का वातावरण

**विधि विधान से पूजन अर्चन कर राज्य मंत्री ने किया सोननद् का पूजन**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोन सेवा समिति व आदर्श नगर पंचायत द्वारा भव्य देव दीपावली का आयोजन किया गया जहां काशी से आये विद्वान ब्राह्मणों द्वारा सर्वप्रथम सोननद् का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ द्वारा सोनतट पर दीप दान किया गया। सोनेश्वर घाट, नागेश्वरी घाट व बजरंग घाट 11000 हजार दियों से जगमगा रहा था वहीं आकर्षक लाईटें तथा फूल माला से पूरे सोनेश्वर महादेव घाट को सजाया गया था। शाम ढलते ही हजारों हजार की संख्या में रंग बिरंगी झालर लाइटों से पूरा सोनेश्वर घाट गुलजार रहा सोन नदी पुल के दोनो तरफ घाटों पर झालरों की लड़ियों के जरिए बिखरती रंग बिरंगी रोशनी के बीच दियो के टिमटिमाती लौ लोगो के बीच में आकर्षण का केंद्र रहा। जैसे ही भगवान भास्कर की लालिमा बिलूप्त हुई तो पूरा सोन नदी का तट रोशनी से जगमग हो गया चारो ओर दियो के स्वर्णिम प्रकाश से प्रकाशित नैना विराम दृश्य की झलक हर कोई अपने जेहन में रख लेने को आतुर दिखा लोग बाग इस अलौकिक दृश्य को अपने मोबाइल में लेने के लिए आतूर रहे तो सेल्फी लेने की भी काफी होड़ लगी रही मनमोहक आतिशबाजी भी लोगों को खुब पसंद आईकाशी से आए एक दर्जन डमरू टीम ने भी एक अलग ही अद्भुत नजारा पेस किया जैसे ही एक दर्जन बड़े आकार के डमरू एक साथ जब बजने शुरू हुए तो एक अलग ही माहौल बन गया पूरा घाट हर हर महादेव के नारे से गुंजायमान हो उठा। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जहां एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को समिति के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने सुंदर आयोजन के लिए आए हुए अतिथियों का व सहयोगी नगर पंचायत का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सदर सीओ डॉ चारू द्विवेदी, भाजपा नेता राजा मिश्रा, रामसुंदर निषाद, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अधीसासी अधिकारी मधुसुदन जायसवाल, सुनील तिवारी, राजन सिंह, डंपू सिंह, प्रदीप अग्रवाल, राजन जायसवाल, बंटी सिंह, विकास चौबे, राजेश अग्रहरि, महेंद्र केशरी, सावित्री देवी, विकास सिंह छोटकू, मनमोहन निषाद, इत्यादि लोग मौजूद रहे। संचालन राजेश अग्रहरी व मनोज चौबे ने कियो वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया मयफोर्स पूरे घाट क्षेत्र में चाक-चौबंद रहे।




# तहसील गेट पर मृतक का शव रखकर परिजनो ने किया प्रदर्शन

**(20लाख मुआवजा व दुर्घटना करने वाले वाहन व चालक पर कड़ी कार्यवाही की मांग)**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां के अहिनवार धाम का मेला देखकर अपनी दो मासूम बेटियो व बहनोई के साथ बाइक से घर जा रहे युवक राजू निवासी भरसवा थाना मोहनलालगंज की ट्रैक्टर ट्राली टक्कर से बीते शुक्रवार को मौत हो गयी ।शनिवार को पीएम के बाद मृतक राजू के शव को मोहनलालगंज तहसील गेट पर हाइवे पर रखकर 20लाख रुपए मुआवजे व ट्रैक्टर-ट्राली व चालक पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे ।सूचना पाकर एसडीएम बृजेश वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर आलोक राव ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराने के साथ मुआवजा दिलाये जाने व दुर्घटना करने वाले वाहन व चालक पर कड़ी कार्यवाही का आश्वसन दिया तब जाकर आक्रोशित परिजन शांत हुये ओर शव को वाहन में रखकर अन्तिम संस्कार के लिये भरसवा स्थित घर लेकर गये। जिसके बाद परिजनो ने शव का अन्तिम संस्कार किया।

## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के मजरा पीपरखेड़ा गांव में रहने वाले एक युवक का घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से शव लटकता मिला है। सुबह पत्नी ने शव देखा तो चीखने चिल्लाने लगी और कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।जानकारी के अनुसार माजरा पीपरखेड़ा (गडरियन वाला) गांव निवासी राकेश निषाद (42) पुत्र मनीराम शुक्रवार की देर रात परिवार के लोगों के साथ खाना खाने के बाद घर के ऊपर बने कमरे में सोने चला गया। शनिवार की सुबह जब बाहर नहीं निकला तो पत्नी उसे मंडी जाने के लिए बुलाने गई। कमरा खोलते ही देखा कि वह फांसी के फंदे से लटक रहा। शव देखकर पत्नी बेहोश हो गई।मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई। मौके पर पहुंचे प्रधान ने सूचना गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को फंदे से उतार पंचायतनामा जी कार्रवाई करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।भतीजे मोतीलाल ने बताया- चाचा शराब के नशे के आदि थे, किन कारणों से यह कदम उठाया है, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। गंगा घाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### दुकान के बाहर पड़ा मिला किसान का शव, परिजनो ने जताई हत्या की आंशका

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना अंतर्गत अधेवरा गांव में एक किसान का शव उनके दुकान के बाहर पड़ा मिला। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक, अधेवरा निवासी 45 वर्षीय सुनील रावत, जो खेती-बाड़ी के साथ-साथ दुकान भी चलाते थे, शुक्रवार की रात खाना खाकर अपनी दुकान पर सोने चले गए थे। शनिवार की सुबह जब परिवार के लोग चाय-नाश्ता लेकर दुकान पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पाए गए।घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची अचलगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जो मोर्चरी हाउस में रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। परिजनों का कहना है कि घटना संदिग्ध है और पुलिस से मामले की गहन जांच की मांग की जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में शनिवार को आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 99 शिकायते आयी जिनमे 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सर्वाधिक 46 शिकायते राजस्व से सम्बंधित रही । विकास से संबंधित 07 शिकायत जबकि पुलिस से संबंधित 16 शिकायतों पर जांच कर कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया। समाधान दिवस में अनुपस्थित रहे विभागीय अधिकारियों की सूची भी जिलाधिकारी ने तलब की। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण व समय से फरियादियों की समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया। ऊँचगाव निवासी प्रभाष पांडेय ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर से घर व मंदिर के सामने पड़े सहन पर पड़ोसी द्वारा कब्जा करने व जान से मारने की धमकी देने की



शिकायत की। ग्राम सलेथू निवासिनी तारा वर्मा ने सरकारी भूमि, खाद के गड्ढे, व तालाब पर गाँव के ही शिव प्रकाश व ओम प्रकाश पुत्रगण अयोध्या प्रसाद द्वारा धोखाधड़ी कर बैनामा करा लिए जाने की शिकायत की । भगवंतनगर के वार्ड नं 08 निवासी जगत नारायण पांडेय ने ग्राम गढेवा भगवंतनगर के गाटा संख्या 444 की सुरक्षित भूमि पर सलमान पुत्र रहीश, रहीश पुत्र जगनू, गुड्डू पुत्र मुन्ना द्वारा जबरन कब्जा कर पक्का निर्माण किये जाने की शिकायत की। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारी बृजेन्द्र सिंह ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओ को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिनमे बीघापुर सौ बेड शैय्या में एक्सरे सहित डॉक्टरो के समय पर बैठने की मांग, सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों द्वारा इलाज किये जाने की मांग, नहरों के केवल खानापूर्ति कर सफाई किये जाने व नहरों की सफाई के नाम पर अत्यधिक धन निकाल कर गबन कर लिए जाने की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्य प्रकाश, उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह, तहसीलदार अर्शला नाज, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला, खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**तहसील सभागार के हाल में लगे विभिन्न स्टालों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी कार्यकात्रियो द्वारा लगाए गए स्टाल पर जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर उत्साह बढ़ाया।**

**कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार व छुट्टी होने के कारण फरियादियों की आमद कम देखी गयी।**

**कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार व छुट्टी होने के कारण फरियादियों की आमद कम देखी गयी।**

# राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर शीघ्र, सुलभ व सक्षम न्याय पायें

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जन सामान्य को त्वरितए सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने हेतु आगामी 14 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ अश्विनी कुमार त्रिपाठी के निदेर्शानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए लखनऊ मीनाक्षी सोनकर ने बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत में पक्षो के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार, व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है।कानूनी जटिलताओ से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक, सुलह सुमझौते से निस्तारित होने वाले वाद, उत्तराधिकार से संबंधित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, बैंक ऋण वसूली प्रीलिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम, नगर पालिका अधिनियम, श्रम संबंधी वाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, राजस्व संबंधित मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0आई0एक्ट के वाद, विद्युत एवं जल संबंधी अन्य वाद, आरबीटेशन वाद, आपदा राहत वाद, यातायात चालानी वाद, जनोपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर से सम्बन्धित प्रकारण आदि का निस्तारण कराया जा सकता है। जनपद वासियों से अपील है कि यदि आप किसी भी लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह.समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चहते है, तो कृपया संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते है।

# जुंआ खेलते तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ताश के पत्तों से हार जीत का जुआ खेलते हुए तीन युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सार्वजनिक युवा अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लियो

कोतवाली बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ग्रस्त के दौरान कस्बा बीघापुर पहुंची जहां मुखबीर की सूचना के आधार पर गोविंद शुक्ला की आम की बगिया में कुछ युवा ताश के पत्तों से हार जीत का जुवा खेल रहे हैं युवकों ने पुलिस को दिख भागने की कोशिश की पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया तलाशी के दौरान 52 ताश के पत्ते वह ?900 मिले युवक ने अपना नाम शिवम पुत्र गोले प्रसाद संदोही नगर



आयु लगभग 24 वर्ष मोहम्मद बरकत पुत्र शमसुद्दीन शंकर नगर आयु लगभग 20 वर्ष प्रियांशु पुत्र फूलचंद शांति नगर आयु लगभग 19 वर्ष सभी कस्बा बीघापुर के निवासीगण है पुलिस ने तीनों युवकों को सार्वजनिक जुवां अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत मुकदमा कर लिया।

# देव दीपावली के पर्व पर श्री दुर्गेश्वर मन्दिर प्रांगण हजारों दीपों से जगमगाया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। शुक्रवार को देव दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर नगर में स्थित श्री दुर्गेश्वर विद्या मंदिर के प्रांगण में हजारों दीपों को जलाकर इस पर्व को बहुत ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर नगर व क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने हजारों दीपक जलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

हजारों दीपों की एकसाथ प्रज्वलित होने का यह ऐतिहासिक क्षण नगर में पहली बार देव दीपावली के मौके पर शुक्रवार आया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संयोजकत्व में आयोजित हुए इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक देवेन्द्र ने अपने सम्बोधन में कहा इस



मंदिर प्रांगण में यह पहला कार्यक्रम है।अगले वर्ष देव दीपावली पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले ताकि इसे अयोध्या की भांति और भव्यता प्रदान की जाए। जिसे नगर के लोग ऐतिहासिक बनाने में सहयोग करे। सह संघचालक शरद अग्रवाल लवकुश नगर के जिला प्रचारक देवेन्द्र, नगर सह कार्यवाह नीतेश के अलावा अतुल , मनीष तिवारी, अवधेश शुक्ल , कैलाश नाथ शर्मा , दीपू शुक्ला आदि सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे। दीपोत्सव के पश्चात शिव जी आरती उपरान्त सभी नागरिकों में प्रसाद का वितरण हुआ।इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक भी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने पोषण प्रदर्शनी चार्ट लगाकर किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी की अध्यक्षता पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर व बाल विकास परियोजना अधिकारी पुरवा दिनेश प्रजापति की अध्यक्षता मे आंगनबाड़ी कार्यकार्तियों ने प्रदर्शनी का आयोजन किया।

प्रदर्शनी के माध्यम से नवजात शिशुओं का पोषण चार्ट, प्री प्राइमरी किट, शिशु देखभाल चार्ट तथा पोषाहार से निर्मित व्यंजन आदि का प्रदर्शन सम्पूर्ण समाधान दिवस मे स्टाल लगाकर किया गया जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने उपस्थित व्यक्तियों को बताया कि खान-पान में दलिया एवं मोटे आनाज के उपयोग एवं सम्पूर्ण आहार से माताओ तथा शिशुओं को अच्छा पोषण देकर उन्हें बीमारियों से अवमुक्त बनाया जा सकता है। इस दौरान प्रभारी सी डी पी ओ संगीता देवी मुख्य सेविका अनीता वर्मा, अनामिका देवी, मंजूलता ,आंगनवाड़ी कार्यकत्री पुष्पलता सिंह रेखा देवी लक्ष्मी देवी आज मौजूद रहीं।

# जिला अस्पताल में भी फायर सेफ्टी सिस्टम अधूरा, फायर एक्सटिंग्विशर पर भी मिली ओवरराइटिंग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए हादसे के बाद उन्नाव जिला अस्पताल में रियलिटी चेक किया गया तो यहां फायर सेफ्टी सिस्टम अधूरा मिला। फायर सेफ्टी सिस्टम के नाम पर पाइप तो बिछाई गई हैं, लेकिन अभी यह चल नहीं रहा है। यहां मौजूद स्टाफ ने बताया कि SNCU में नौ बच्चों का इलाज चल रहा है। स्टाफ ने बताया कि फायर एक्सटिंग्विशर लगे हुए हैं। जब फायर एक्सटिंग्विशर पर हमारी नजर पड़ी तो फायर एक्सटिंग्विशर फॉर ओवरराइटिंग मिली। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर फौजिया अंजुम नोजामी ने बताया की हमने फायर सिस्टम का ऑडिट कर रखा है। जिला अस्पताल में फायर से रिलेटेड कम यूपीसीएल 2023 से कर रही है। दिसंबर तक उनका काम कंप्लीट हो जाएगा।

## कब्जे को लेकर मामला पहुँचा जिलाधिकारी की चौखट पर

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील स्थित दीनदयाल, सिकंदर आदि प्रार्थीगण निवासी चौधीहार मजरा ऊंचगांव, तहसील बीघापुर ने सम्पूर्ण समाधान पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि भूमि नंबर 358 रक्बा 1.052 हे0 प्रार्थीगणों के कागजों में दर्ज है प्रार्थी बंटवारे का मुकदमा उपजिलाधिकारी बीघापुर उन्नाव के यहां दर्ज कर रखा है परंतु प्रार्थी के विपक्षी सहखातेदार बबलूलाल जिसका 4 बीघे में 9 बिष्वा हिस्साके द्वारा संपूर्ण भूमि पर कब्जा कर जुताई-बुवाई कर रहा है प्रार्थीगणों द्वारा पूर्व में इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी के यहां की गयी विपक्ष ने स्वीकार कर जमीन छोड़ने की बात कही थी परंतु घर पहुंच कर फिर से लड़ाई झगड़ा करने व खेत जोतने का प्रयास करने लगा प्रार्थीगणों के पास जीवन यापन हेतु खेती के अलावा अन्य कोई जरिया नहीं है वहीं प्रार्थीगणों ने आरोप लगाया कि कानूनगो क्षेत्र डौंडिया खेड़ा खुले आम विपक्ष की मदद कर रहे हैं। प्रार्थीगणों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से से न्याय की गुहार लगाई।

# शातिर टप्पेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दही पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने शातिर टप्पेबाज को मय टप्पेबाजी किये गए गहने एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया

कुसमा शुक्ला पत्नी राज नरायाण शुक्ला निवासी आवास विकास कालोनी थाना दही ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीती 06.11.2024 को एक अज्ञात बाइक सवार युवक व एक पैदल युवक द्वारा टप्पेबाजी कर मेरे गहने उतरवा कर ले गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू



की 16 नवंबर को थानाध्यक्ष संजीव कुमार, व उप निरीक्षक दीनानाथ यादव, उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह मय हमराह फोर्स एवं एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने अभियुक्त आजम मलिक पुत्र मोवीन मलिक निवासी दरवार खुर्द थाना कैराना जनपद शामली को मुखबिर की सूचना पर पुरवा रोड निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पुल के नीचे से मो0सा0 अपाचे यूपी 32 एच आई 2557 काले रंग की 200 सीसी के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक जोड़ा झाला कान का पीली धातु व एक अदद चैन पीली धातु जो 6 नवंबर को समय करीब 15.00 बजे पर आवास विकास कालोनी थाना दही उन्नाव से एक महिला से टप्पेबाजी कर लिये गये थे बरामद हुए एवं थाना कोतवाली नगर क्षेत्र जनपद बाराबंकी में भी उपरोक्त अभियुक्त द्वारा एक चैन पीली धातु की चोरी कर ली गयी थी जो अभियुक्त के कब्जे से बरामद हुई है । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी में मुकदमा पंजीकृत है । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर बढोत्तरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है एवं उक्त अभियुक्त का एक दोस्त अली मिर्जा पुत्र दरवेज जाफिरी निवासी पीजीआई लखनऊ मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। मौके से बरामद अपाचे मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एम वी एक्ट. में ई - चालान के माध्यम से सीज किया गया कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

# तहसील सदर हमीरपुर मे जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के डीएम ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं।

इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद की सभी नहरो को पूर्ण क्षमता के साथ चालू रखने के निर्देश दिए। कहा कि सभी नहरों की टेल तक पानी पहुंचाया जाए तथा सभी एसडीएम द्वारा इसका सत्यापन भी किया जाय।नलकूप विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग



व लघु डाल द्वारा आपस में समन्वय स्थापित करके कार्य किया जाए ताकि किसानों को बुवाई आदि में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। जनपद के सभी नलकूपो को क्रियाशील रखा जाएं, इसमें किसी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। जनपद में खाद व बीज वितरण कार्य को सुचारू ढंग से संपादित किया जाए। विपणन विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों के खरीद से संबंधित केंद्र को क्रियाशील रखा जाय तथा किसानों का पंजीयन बढ़ाया जाए। पशुपालन विभाग द्वारा सभी गौशालाओं का सत्यापन कर वहां की चारा पानी भूसा, टीनशेड व ठंड से बचाव के प्रबंध रखे जाए। कहा कि विभिन्न विभागों को शासन स्तर से जो भी लक्ष्य दिए गए हैं उसके सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित की जाए । यदि किसी विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली के चलते जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए । शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े ।

इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम व सीओ हमीरपुर तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# थाने में बैठकर ग्राम प्रधान ने की गाली-गलौज

## पूर्व प्रधान से हुआ था विवाद, एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में ग्राम प्रधान का थाने के अंदर हंगामा और गाली-गलौज करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक ग्राम प्रधान थाना प्रभारी के सामने वाली कुर्सी पर बैठकर गाली-गलौज कर रहा है। थाना प्रभारी सिर झुकाए उसकी गालियों को सुन रहे हैं। उनके पास एक बुजुर्ग बैठे हैं। उनको कुछ चोटे आई हैं। किसी ने गाली-गलौज करते वीडियो को बनाकर एक्स पर अपलोड कर कार्रवाई की मांग की। इस प्रकरण में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के एक गांव पूर्व प्रधान और गांव के रहने वाले वर्तमान प्रधान के परिवार के बीच 6 नवंबर को किसी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे। उसके बाद थाने के अंदर के कई वीडियो सामने आए हैं। जिसमें पुलिस की कार्य-शैली पर



सवाल खड़े कर रहे हैं। नशे में धुत वर्तमान प्रधान अपनी बहू पक्ष की तरफ से थाने पहुंच गए। थाने के अंदर रौब दिखाते हुए थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठ गए। उसके बाद करीब आधे घंटे तक नशे में धुत प्रधान ने थाने में जमकर हंगामा काटा। नशे में धुत प्रधान ने थाने के अंदर थाना प्रभारी के सामने जमकर गाली-गलौज की। वीडियो में दिख रहा है कि थाना प्रभारी सिर झुकाए उसकी गालियों को सुन रहे हैं। उसके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर पुलिस उसको गाली-गलौज करने से रोकने की हिम्मत तक नही जुटा पाई। थाने के अंदर हंगामे का वीडियो एक्स पर अपलोड कर सीएम योगी से प्रधान पर कार्रवाई की मांग की गई। उसके बाद पुलिस ने एक्स पर ही अपना जवाब देते हुए कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रधान शराब के नशे में थे। परिवार उनको खींचकर वहां से ले गया था। सीओ अमित चौरसिया ने बताया कि दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। दोनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गईहै। एक व्यक्ति पर भी आरोप लगाया है। उसने उस दिन क्षेत्र में नही होने की बात की है। जांच कराकर उसमे भी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# 'बुलडोजर एक्शन' पर रोक सराहनीय फैसला

देश में कई वर्षों से जारी बुलडोजर एक्शन (बुलडोजर 'जस्टिस') पर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से कानून के राज पर भरोसा और बढ़ेगा। शासन व प्रशासन के एक अंग द्वारा संगीन जुर्म के आरोपियों या दोषियों के खिलाफ अतिक्रमण को आधार बनाकर लंबे समय से 'बुलडोजर एक्शन' को अंजाम दिया जा रहा था। इस एक्शन को अपराध के खिलाफ कार्रवाई के रूप में सरकार के पदेन लोगों की ओर से प्रचारित भी किया जा रहा था, इसके आधार पर राजनीति की भी जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के लिए बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाकर कार्यपालिका को उसके अधिकार की सीमा बता दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं बन सकती है, कार्यपालक अधिकारी आरोपी को दोषी करार नहीं दे सकते और बिना प्रक्रिया आरोपी का घर तोड़ना असंवैधानिक है। दरअसल, भारतीय कानून में आरोपी को आम नागरिकों की तरह मौलिक, संवैधानिक व कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। अगर कोई अपराधी है तो भी न ही उसका घर गिराया जा सकता है और न ही उसके परिवार का उत्पीड़न किया जा सकता है। हाल के वर्षों में कई स्थानीय प्रशासन व सरकारों द्वारा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली, असम आदि राज्यों में बुलडोजर एक्शन के मामले सामने आए हैं। इस हिसाब से उच्चतम न्यायालय का फैसला महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कार्यपालक अधिकारी किसी नागरिक का घर मनमाने तरीके से सिर्फ इस आधार पर गिराते हैं कि उस पर किसी अपराध का आरोप है तो यह कानून के सिद्धांतों के विपरीत है। किसी का घर छीनना मौलिक अधिकार का हनन है। आरोपी एक व्यक्ति है तो पूरा परिवार दोषी कैसे हो सकता है? अदालत ने दिशानिर्देश दिए हैं कि कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना ढहाने की कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी, अपील का समय देना होगा, फिर केस में भी खाली करने का समय देना होगा। ध्वस्तीकरण या तो स्थानीय नगरपालिका के नियमों के अनुसार निर्धारित समय पर उठाए जाएंगे या फिर नोटिस जारी करने के 15 दिन के भीतर उठाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट भी कर दिया है कि सार्वजनिक जगहों के संबंध में अदालत के निर्देश लागू नहीं होंगे। अदालत के फैसले से साफ है कि सड़क और फुटपाथ बनाने, रेलवे लाइन निर्माण को लेकर किसी अनधिकृत स्ट्रक्चर को गिराया जाता है तो उस पर यह फैसला लागू नहीं होगा। किसी नदी या जलाशय के किनारे अगर कोई अवैध निर्माण हुआ है या फिर किसी कोर्ट के आदेश से ध्वस्तीकरण का आदेश जारी हुआ है तो भी कोर्ट का निर्देश वहां लागू नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देश जारी किया है। अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी 'डिक्री' या आदेश पारित करने का अधिकार देता है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितंबर को एक आदेश जारी कर देशभर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। अब इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। इमारत को ध्वस्त करने वाले बुलडोजर का भयावह दृश्य अराजकता की याद दिलाता है। हमारे संवैधानिक लोकाचार इस तरह के कृत्य के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते हैं। इस तरह से संपत्तियां ध्वस्त करने वाले सरकारी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। अवैध निर्माण के लिए भी जिम्मेदार अधिकारियों को कानून के कटघरे में खड़ा करना चाहिए।



कॉप-29 सम्मेलन

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

कॉप सम्मेलनों का महत्व सभी पक्षों को एकजुट करने की उनकी शक्ति में है। यद्यपि कई बार इनमें लिए गए निर्णय जलवायु संकट से निपटने में उतने कामयाब नहीं हो पाते, जितनी उम्मीद की जाती है किन्तु अच्छी बात यह है कि अपनी-अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए देश एकत्रित होते हैं और चुनौतियों को चिन्हित करने की कोशिश करते हैं। इस बार का कॉप दो भागों में बांटा हुआ था- ग्रीन ज़ोन और ब्लू ज़ोन। कॉप-29 के अध्यक्ष देश द्वारा ग्रीन जोन संचालित हुआ जिसमें आम जनता के लिए खुली प्रतिभागिता का अवसर था और दूसरा ब्लू ज़ोन, जिसके जिम्मे प्रबन्धन का काम था और यह ज़िम्मा संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं ले रखा था।

# ब्रह्मांडीय सुरक्षा प्राथमिक एजेंडा बने

साल 2015 याद होगा जब एक ऐतिहासिक जलवायु समझौता पेरिस में हुआ था, जिसमें देशों ने वैश्विक तापमान वृद्धि को औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रखने पर सहमति बनाई थी। यह भी कहा गया था कि इसे 1.5 डिग्री तक सीमित रखने का प्रयास हम समस्त देश करेंगे। कॉप सम्मेलनों का महत्व सभी पक्षों को एकजुट करने की उनकी शक्ति में है। यद्यपि कई बार इनमें लिए गए निर्णय जलवायु संकट से निपटने में उतने कामयाब नहीं हो पाते, जितनी उम्मीद की जाती है किन्तु अच्छी बात यह है कि अपनी-अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए देश एकत्रित होते हैं और चुनौतियों को चिन्हित करने की कोशिश करते हैं। इस बार का कॉप दो भागों में बांटा हुआ था- ग्रीन ज़ोन और ब्लू ज़ोन। कॉप29 के अध्यक्ष देश द्वारा ग्रीन जोन संचालित हुआ जिसमें आम जनता के लिए खुली प्रतिभागिता का अवसर था और दूसरा ब्लू ज़ोन, जिसके जिम्मे प्रबन्धन का काम था और यह ज़िम्मा संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं ले रखा था।

इस कॉप-29 में ऐसी कई बातें प्राथमिकता से रखी गयी हैं यथा उत्सर्जन में कटौती के लिए आपात क़दम उठाए जाएं। हर वर्ष उत्सर्जन में 9 फ़ीसदी की कमी लानी होगी और 2030 तक 2019 के स्तर की तुलना में 43 प्रतिशत गिरावट लाना ज़रूरी है। कहा जा रहा है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार करने के लिए यह सबसे स्पष्ट रास्ता है। इसके साथ ही महासचिव की ओर से यह अपील की गई है कि जलवायु संकट की तबाही से लोगों की रक्षा करने के लिए और अधिक उपाय किए जाने होंगे। जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढलने, अनुकूलन आवश्यकताओं और मौजूदा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता में एक बड़ी खाई है, जोकि 2030 तक बढ़कर 359 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इस क़िल्लत की कमी का असर आम लोगों के जीवन, फसलों और विकास पर हो रहा है और इसलिए जलवायु वित्त पोषण का स्तर बढ़ाना ज़रूरी है। सबसे अहम बात, वित्त पोषण के लिए एक नए लक्ष्य पर सहमति बनानी होगी, जिसमें रियायती दरों पर सार्वजनिक वित्तीय संसाधनों को बढ़ाना होगा और बहुपक्षीय विकास बैन्कों की कर्ज़ देने की क्षमता में वृद्धि करनी होगी। यह स्पष्ट करना होगा कि सार्वजनिक वित्तीय संसाधनों को किस तरह विकासशील देशों की मदद के लिए इस्तेमाल में लाया जाएगा। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही के लिए फ्रेमवर्क तैयार करना अहम होगा। कॉप29 के मंच से संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कई गंभीर बातें की जिसमें यदि उत्सर्जन में गिरावट और अनुकूलन में वृद्धि नहीं हुई, तो हर अर्थव्यवस्था को बड़े स्तर पर इसका दंश झेलना होगा, इसे देशों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। यह गंभीर विषय देशों को समझ आए या न आए लेकिन विभिन्न अकादमिक व जलवायु संबंधी पड़ताल चौकाने वाले आंकड़े दे रहे हैं जिससे कॉप देशों की नीदें हराम हो गई हैं। जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर यूएन शरणार्थी एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वभर में 12 करोड़ से अधिक लोग जबरन विस्थापन का शिकार हैं, जिनमें से तीन-चौथाई लोग उन देशों में रह रहे हैं, जोकि बढ़ते उत्सर्जनों के असर का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि क़रीब 50 फ़ीसदी विस्थापित उन स्थानों पर हैं, जिन्हें जलवायु




जोखिमों और हिंसक टकराव, दोनों की मार झेलनी पड़ रही है, जिसमें इथियोपिया, हेती, म्यांमार, सोमालिया, सूडान व सीरिया जैसे भूभाग शामिल हैं। कॉप29 ने यह चिंता जाहिर की है कि शरणार्थी समस्याओं से जलवायु समस्याओं को जोड़कर देखा जाना चाहिए और इस पर कारगर कदम उठाए जाने चाहिए।

जलवायु परिवर्तन से प्रभावित विकासशील देशों की सहायता के लिए यह ज़रूरी है कि जलवायु हानि व क्षति कोष में योगदान का स्तर बढ़ाएं। नए जलवायु वित्त पोषण लक्ष्य पर सहमति बनाते हुए कई बार पिछले कई सम्मेलनों में यह कहा गया कि सभी देशों के पास ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और सहनसक्षम समुदायों के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन व संसाधन उपलब्ध, ऐसा मकैनिज्म तैयार हों लेकिन इस बार भी सभी ने केवल इसी बात को दुहराया है। इसका मतलब यह हुआ कि गंभीरता जितनी दिखानी चाहिए ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के मुद्दे पर, उतनी गंभीरता है नहीं। विश्व में गर्म होती पृथ्वी और खौलते समुद्र के साथ ग्रीन हाउस गैस की भयावहता को समझने में यदि देशों के नेतृत्व गंभीर नहीं होंगे तो पृथ्वी के जीवन की सतता कब तक रहेगी, यह कह पाना कठिन होगा। ऐसे में, महत्वाकांक्षाओं और प्रतिबद्धताओं को मज़बूत करने, जलवायु विज्ञान प्रगति और संकट के दौरान मानव गतिविधि को सुदृढ़ करने, निर्णायक क़दम उठाकर स्वच्छ तकनीकों में निवेश करने और साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन के साथ इस जलवायु मुद्दे पर अधिक धन निवेश करने की कोशिश आज पूरे पृथ्वी के लोगों की अपेक्षा बनी हुई है। उफ़नते तूफ़ानों से ध्वस्त होते घर, जंगलों में आग लगने से बर्बाद होते वन, भूमि क्षरण की चुनौतियां, सूखे के कारण नुक़सान, बाढ़, चक्रवात के ख़तरों से बचाव की पुकार आम जनमानस से हो रही है लेकिन बुनियादी ढांचों की जो अपेक्षाएं हैं, वे कैसे तैयार होंगी? क्या अब हम अपने आने वाली पीढ़ी को एक ऐसे भविष्य की ओर धकेलने जा रहे हैं, जो उनके जीवन व स्वप्न को अंधकार के साथ मिलने वाला है? दुनिया के विकास के मापदंड आखिर ऐसी दिशा में एक साथ क्यों नहीं सोचकर रणनीति बना रहे हैं जो हमारे जल, जन, वन के लिए हितकारी हों और तापमान कम करते हुए ब्रह्माण्डीय संतुलन के लिए हों, सवाल यह है। दुनिया के राज्यों के समस्त विकास की संकल्पनाएं यदि ऐसी कार्रवाइयों से जी चुरायेंगी तो वे जितने भी कल्याणकारी होने के दावे कर रहे हों, वे सब असत्य ही होंगे और फलीभूत नहीं होंगे।

कचरे के निराकरण से भी राज्य जूझ रहे हैं। समस्त दारोमदार विकासशील और अविकसित राष्ट्रों पर डाल देने से भी किसी की कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो जाती। यह एक दिखावा है या छल है कि हम अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की जगह दूसरों पर आरोप लगाते रहें। विश्व में सबसे ज्यादा हानि इसी वजह से हो रही है, चाहे देश व देशों के नेतृत्व मानें या न मानें। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम-यूएनईपी की ओर से कहा गया कि कॉप-29 वार्ता के निर्णायक लक्ष्य यही होंगे कि जलवायु वित्त पोषण के लिए एक सामूहिक लक्ष्य निर्धारित किया जाए और ब्राज़ील में 2025 में जलवायु सम्मेलन कॉप-30 जब हो तो उस सम्मेलन को दृष्टिगत अनुकूलन के लिए जलवायु संकल्प लिया जाए। यह ठीक बात नहीं है कि जो जिम्मेदार लोग इकठ्ठा होते हैं वे अंत में संकल्प के साथ समापन कर पाने केरास्ते हो लेते हैं। ऐसे में, अब तो विश्व में अर्थदंड या कोई दंड के लिए भी आम सहमति बननी चाहिए, उन देशों के लिए जो संकल्प के साथ वापस होकर यथोचित परिणाम भी देने में अक्षम रहते हैं। समाधान तो पृथ्वी के लोगों को ही खोजना है चाहे जितना भी देरी कर लें, प्रकृति अपने निर्णय में देरी नहीं करेगी, यदि विनाश के ही रास्ते पर हम चलते रहे।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# चीन से शिकस्त ने नेहरू को बुरी तरह तोड़ डाला था

स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान अपने जीवन के आठ साल, ग्यारह महीने और सात दिन अंग्रेजों की जेलों में बिताने वाले पं. जवाहरलाल नेहरू के बारे में जब भी चर्चा हो, यह जरूर कहा जाता है कि स्वतंत्रता के बाद वे 16 साल प्रधानमंत्री रहे और 'आधुनिक भारत के निर्माता' कहलाये। लेकिन उनके सदमे से भरे अंतिम (खासकर 1962 के चीनी हमले में अपमानजनक पराजय के बाद के) दिन कैसे बीते और 27 मई, 1964 को अपने निधन से पहले उन्होंने कितनी तकलीफें झेलीं, इस बाबत कम ही बात होती है। अलबत्ता, बीबीसी संवाददाता रेहान फजल ने दो साल पहले उनकी पुण्यतिथि पर प्रकाशित अपने एक लेख में लिखा था कि '1962 में चीन से हुई लड़ाई ने उनको तोड़कर रख दिया था और उसके सदमे से वे कभी उबर नहीं पाये।' परिणाम यह हुआ कि 'उनकी पुरानी शारीरिक ताकत, बौद्धिक कौशल और नैतिक चमक बीते दिनों की बात हो गई और वे निराश व थके हुए से दिखने लगे। उनके कंधे झुक गये और उनकी आंखें भी सोई-सोई सी दिखने लगीं। उनकी चाल में जो तेजी हुआ करती थी, वह भी लुप्त हो गई।' 1964 आते-आते उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं और गम्भीर हो गईं। इसके बावजूद वे भुवनेश्वर में हो रहे कांग्रेस के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने गये। सम्मेलन के कार्यक्रम में आठ जनवरी, 1964 को उन्हें बोलना था, लेकिन इसके लिए पुकारे जाने पर वे उठे तो डगमगाकर सामने की तरफ इस तरह गिर पड़े कि उठ नहीं पाये। तब वहां उपस्थित उनकी पुत्री इंदिरा गांधी ने सम्मेलन के स्वयंसेवकों व नेताओं के सहयोग से उन्हें उठाया और संभाला। थोड़ी ही देर बाद डॉक्टरों ने जांच की तो पाया कि उनके शरीर का बायां हिस्सा पक्षाघात का शिकार हो गया है। डॉक्टरों की भरसक कोशिशों के बावजूद उन्हें इतना स्वास्थ्य लाभ नहीं हो सका कि वे अपना स्थगित भाषण देने दोबारा सम्मेलन में जा सकें। 12 जनवरी को वे लस्त-पस्त से नई दिल्ली लौट आये तो डॉक्टरों ने उनसे कहा कि बेहतर होगा कि वे दोपहर में भी थोड़ी देर सोने की आदत डाल लें। आम तौर पर वे रोजाना 17 घंटे काम करते थे। दोपहर में सोने के लिए उन्हें इनमें पांच घंटों की कटौती करनी पड़ी। उन्हें इसका लाभ भी मिला। 26 जनवरी तक उनका स्वास्थ्य इतना सुधर गया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह में सुभीते से भाग ले पाये। लेकिन जल्दी ही उनकी शक्ति फिर क्षीण होने लगी, जिसके चलते फरवरी में आयोजित संसद के उस साल के पहले सत्र में वे बैठे-बैठे ही भाषण देने को विवश हुए। फिर भी उन्होंने आत्मविश्वास नहीं खोया और गर्मियों तक इतनी शक्ति संचित कर ली कि किसी का सहारा लिए बिना सामान्य दिनचर्या निपटा सकें।

यह उनका आत्मविश्वास ही था कि अपने निधन से महज पांच दिन पहले 22 मई को एक संवाददाता सम्मेलन में (जो उनके जीवन का अंतिम संवाददाता सम्मेलन सिद्ध हुआ) पत्रकारों के बार-बार 'नेहरू के बाद कौन?' पूछने पर उन्होंने झिड़कते हुए से कह दिया कि 'मैं इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं।' लेकिन दबे पांव आई मौत ने उनके इस दावे को गलत सिद्ध करके ही दम लिया। उक्त संवाददाता सम्मेलन के अगले दिन वे बेटी इंदिरा के साथ छुट्टी मनाने देहरादून चले गये और 26 मई को लौटे तो जरूरी कामकाज निपटाकर नींद की गोली खाई और सो गये। लेकिन सुबह आंखें खुलीं तो पाया कि उनकी पीठ में बहुत दर्द है। सूचना पाकर डॉक्टर उनके पास पहुंचे तो उनकी हालत गम्भीर हो गई थी। जब तक डॉक्टर कोई उपचार करते, वे बेहोश हो गये। बाद में पता चला कि उनकी बड़ी धमनी फट गई है और पउन्हें फौरन खून चढ़ाना पड़ेगा। जब तक खून चढ़ाया जाता, वे कोमा में चले गये। कुछ रिपोर्टों के अनुसार इसी बीच उन्हें एक और पक्षाघात हुआ, जिसके बाद हृदयाघात से भी गुजरना पड़ा। इसके बाद उन्हें होश में लाने का कोई भी चिकित्सीय उपाय कारगर नहीं सिद्ध हुआ और कोमा में ही दोपहर बाद एक बजकर चवालीस मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ले ली। आकाशवाणी ने दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर देश को उनके निधन की खबर दी तो पूरे देश में शोक की लहर छा गई।

# कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है। वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं। वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं- अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हंसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अभी भी मौका है, हम सुधर जाएं

दिल्ली में जानलेवा साबित होते वायु प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय भी गंभीर दिख रहा है। उसने दिल्ली पुलिस को दिल्ली में पटाखे चलाने पर रोक लगाने में नाकामयाब होने पर फटकार लगाई है। लेकिन क्या हम सब डंडे से ही सुधरने वाले हैं? जब हम सब यह जानते हैं कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण पटाखे भी हैं तो हम क्यों इन्हें चलाते हैं? सर्दियों में प्रकृति के विरुद्ध जो भी छोटे-छोटे काम किए जाते हैं वो वायु प्रदूषण का कारण भी बनते हैं, क्योंकि शायद सर्दियों में वातावरण में एक कॉल्ड परत बन जाती है जो दूषित हवा को ऊपर नहीं उठने देती, एक दायरे तक सीमित रहती है, और जब तक बारिश न हो तब तक यह प्रदूषित हवा धरती के करीब ही रहती है। इसलिए सर्दियों में त्योहारों या सामाजिक समारोहों में पटाखों का प्रयोग कम से कम, या न ही किया जाए तो अच्छा है। *- सुभाष साहू, कांकेर*

## करंट अफेयर

# लेबनान से होगा संघर्ष विराम? इजरायली रक्षामंत्री की दो टूक


इजरायल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगा। इसके साथ ही उसने लेबनान में सीजफायर की रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। इजरायली रक्षामंत्री इजरायल काट्स ने कहाकि वह पूरी ताकत के साथ हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखेगा। इतना ही नहीं, काट्ज ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को लेकर भी बयान दे डाला। इजरायल के पूर्व रक्षामंत्री योव गैलेंट के हटने के बाद काट्ज ने यह पद संभाला है। बता दें कि हमास पर कार्रवाई में इजरायली सेना के रिस्पांस पर योव गैलेंट और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बीच मतभेद हो गए थे। काट्ज इससे पहले इजरायल के विदेश मंत्री थे।



## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी

व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए।



शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था,

## ट्रेंड

### महिला बटालियन



राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में मोदी सरकार ने सीआईएसएफ की पहली पूर्ण महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। महिला बटालियन को एक विशिष्ट टुकड़ी के रूप में खड़ा किया जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### किसान परेशान



महाराष्ट्र के सोयाबीन और कपास के किसान भाजपा की नीतियों के कारण हताश और निराश हैं। अच्छी उपज के बावजूद सही दाम नहीं मिलने से सोयाबीन के किसान बेहद परेशान हैं। हम सरकार बनाते ही सही दाम देने के लिए रास्ता निकालेंगे

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### जोखिम लेना जरूरी



अमेरिका में 80% से अधिक उद्यमी स्व-निर्मित हैं और उन्होंने अपना व्यवसाय शून्य से खड़ा किया है? यह जोखिम लेने को प्रोत्साहित करता है और धन सृजन का मार्ग आसान बनाता है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### सच बोलना होगा



लोकतंत्र दुविधा में है क्योंकि समस्या सुलझाने वालों और समस्या झेलने वालों के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। मजबूत समाज बनाने के लिए हमें सत्ता के सामने सच बोलना होगा।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

## संक्षेप

### भाजपा नेता ने नशीला पदार्थ खिला कर जमीन एग्रीमेंट करवाया

अमन लेखनी समाचार

धौलाना, धौलाना के गांव खेड़ा की एक महिला ने जिला स्तर के भाजपा नेता और उसके गुर्गों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसके पति का अपहरण कर जबरन जमीन का एग्रीमेंट करवा लिया गया। पीड़िता ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में महिला ने बताया कि उसके पति के नाम पर गांव हावल में कृषि भूमि है, और वह शराब पीने का आदी है। बीस दिन पहले भाजपा नेता और उसके गुर्गे पीड़िता के पति को बहला-फुसला कर गांव से ले गए। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने इस दौरान उसके पति को शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करवा कर उसके नाम पर जमीन का जबरन एग्रीमेंट करवा लिया। एग्रीमेंट के बाद से उसका पति लापता है, और काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा नेता ने उसके पति को बंधक बना रखा है और अब वे जमीन का बैनामा करने की फिराक में हैं। जब महिला अपने पति से मिलने की कोशिश करती है, तो आरोपी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं और उसे मिलने नहीं देते। इस मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि पीड़ित महिला ने उनके कार्यालय में शिकायत दी है। इसके बाद थाना धौलाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है, और जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।

### रामपुर में धूमधाम से मना तुलसी शालिग्राम विवाह

**देव उठान एकादशी पर बैंड बाजों संग निकली बारात, भजन संध्या आयोजित**

रामपुर, रामपुर के बिलासपुर क्षेत्र के रमपुरा बुजुर्ग गांव में देव उठान एकादशी के अवसर पर तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जहां बैंड-बाजों के साथ भव्य बारात निकाली गई और भक्तिमय माहौल में भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। देव उठान एकादशी के पावन अवसर पर तुलसी-शालिग्राम विवाह समारोह में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बैंड-बाजों के साथ निकाली गई बारात ने आयोजन की भव्यता को बढ़ाया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति संगीत और सुंदर भजनों से भक्तों ने आनंद लिया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक वातावरण को बढ़ावा दिया।

## निकरा परियोजना के अंतर्गत किसानों को वितरित किया सरसों का बीज




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा.शैलेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में निकरा परियोजना के अंतर्गत चयनित गांव रानीबाग और जब्दी के 75 किसानों को काली सरसों प्रजाति आर. एच. 725 वितरित किया गया। डा. सिंह ने बताया कि सरसो की यह किस्म 136 से 143 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है।इसकी फलियां लंबी होती हैं व फलियों में दानों की संख्या 17-18 तक है तथा दानों का आकार मोटा है। इनके अतिरिक्त इसकी फलियों वाली शाखाएं लंबी होती हैं एवं उनमें फुटाव भी ज्यादा है। डा. नंदन सिंह ने बताया कि इसमें 45 से 55 दिनों में फूल आने लगते हैं। इसकी फलियां लंबी होती हैं और इनमें 17-18 दाने होते हैं। इनके दानों का आकार मोटा होता है, इसकी फलियों वाली शाखाएं भी लंबी होती हैं और इनमें ज्यादा फुटाव होता है. डा. अरुण राजभर ने बताया कि यह किस्म प्रति हेक्टेयर 25-27 क्विंटल तक उत्पादन देती है। इसमें 40 प्रतिशत तेल होता है. कम सिंचाई की जरूरत होती है। इस मौके पर अनिल, मनोज, सीताराम, संपदा, समयदिन, अयोध्या, जानकी, ओमकार, कैलासा, सुमन, संगीता आदि किसानों को बीज वितरित किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी से होता बौद्धिक क्षमता में विकासः ब्लॉक प्रमुख

**विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत जमोग चरदा मे स्थित पंडित राधे श्याम पांडय सरस्वती इन्टर कॉलेज में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे कालेज के छात्रों द्वारा फिजिक केमिस्ट्री एवं बायलोजी के साथ साथ पर्यावरण संरचना से संबंधित विविध माडल प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा दद्दन सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों मे बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम मे कालेज के आदित्यवीर, प्रसंशा, हंशिका, जतिन, अनामिका एवं राहुल आदि छात्रों ने अपने अपने मॉडलों को प्रस्तुत किया।

इसके साथ ही छात्रों के द्वारा खाने के 12 स्टॉल एवं 2 गेम के स्टॉल लगाए गए जिनमे मंचूरियन, चिली पनीर, चाट, पनीर पकौड़ा, चना मसाला, गुलाब जामुन इत्यादि के व्यंजन बना कर बच्चों द्वारा स्टॉल में बिक्री की गई। स्टॉल में आकृति सिंह, श्रेया जैसवाल, आज्ञा जैसवाल, आदित्य वर्मा, अनुज वर्मा आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य बी एस मिश्रा, प्रबंधक विजयालक्ष्मी पांडेय, सहित कौशलेंद्र पांडेय, अभय दीक्षित, शिक्षक आशीष मिश्र, अरूण शर्मा, जी बी पाठक, अवनीश गुप्ता, रिचा जायसवाल, अजमल शाह, निशात खान, अजय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट में दूसरे दिन रवीन्द्रनाथ क्रिकेट क्लब रही विजयी

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा में शिवाजय क्रिकेट एकडेमी रुपईडीहा द्वारा आयोजित जिला स्तरिये क्रिकेट टूनार्मेंट में शनिवार को दूसरा मैच रविंद्र नाथ क्रिकेट क्लब बहराइच और पायनियर क्रिकेट क्लब नानपारा के बीच शिवाजय क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पायनियर क्रिकेट क्लब नानपारा ने 22 ओवरो में मात्र 166 रन बनाकर सिमट गयी। जिसमें बल्लेबाज अमन खान ने सर्वाधिक 46 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रवीन्द्र नाथ क्लब टीम की तरफ से कप्तान सूरज की बेहतरीन 70 रन और अश्विन तिवारी के 47 रन तथा मोहित मिश्रा की 21 रनों की बदौलत महज 20 ओवरो में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। आज के टूनार्मेंट में मैन ऑफ दी मैच मोहित मिश्रा रहे जिन्होंने 21 रन बनाए और 3 विकेट भी झटके। मोहित मिश्रा को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार रूपईडीहा के पूर्व प्रधान जुबेर अहमद फारूकी के हाथो दिया गया। शिवाजय क्रिकेट अकादमी के फाउंडर अजय मिश्रा ने बताया कि कल का मैच शिवजय क्रिकेट अकादमी और रुपईडीहा इलेवन के बीच खेला जाएगा।इस अवसर पर शिवाजय क्रिकेट अकादमी के संस्थापक शिवेंद्र मिश्रा, अजय मिश्र, जुबेर अहमद फारूकी सहित सम्मानित अतिथ गण मौजूद रहे है।

## हाई वोल्टेज तार से गन्ने की फसल में लगी आग से बीघों जली फसल

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। बिजली के जर्जर तारों मैं दौड़ रहा 11000 का करंट, शिकायत के बाद भी अनसुना, फसलों की हो रही बबार्दी, आखिर कब होगा समाधान जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया मे आज एक किसान के गन्ने के खेत में हाई वोल्टेज तार सर्किट से आग लग गई जिसमें उसकी लगभग तीन बीघे फसल झुलस गई है। जनपद के विकासखंड शिवपुर के रामपुर धोबिया में आज शनिवार दोपहर में राइबोजा फीटर से आने वाली 11000 एसटी लाइन मे तार सर्किट से आग लग गई जिसमें गांव निवासी किसान सीमा देवी पत्नी कनक राम का तीन बीघे खेत जूल्स गया। वहीं जानकारी होने पर काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे खड़ी मस्कट के बाद आग पर काबू पाया। इस पर किसान बहुत ही दुःखी है। पीड़ित किसान ने बताया है कि बिजली विभाग को सूचना दी गई जिसमें विभाग द्वारा आवश्यक जानकारी जुटाई गई है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ



प्रज्ञा पुराण कथा में उमड़े श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। विकास खंड नवाबगंज सिरसिया गांव स्थित पंचायत भवन सिरसिया में शनिवार से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन प्रारम्भ हुआ। बताते चले की इस आयोजन का शनिवार 16 नवंबर को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ जो आगामी 20 नवंबर को पूणाहुति व भंडारा के साथ संपन्न होगा। पांच दिनों तक कथावाचक मानसिंह वर्मा के द्वारा संगीतमय गायत्री महायज्ञ एवं पुराण कथा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के जोन प्रभारी बनारस गिरी ने बताया कि शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से बेलवा समय माता तक निकाली गई। इसके साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रहलाद वर्मा रहे। प्रधान राजेश कुमार वर्मा सहित पाटन दीन वर्मा, कोटेदार प्रहलाद, बीरेंद्र वर्मा, पप्पू भार्गव के सहयोग से कार्यक्रम के समस्त चरण संपादित किए जाएंगे। विराट पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा आयोजन को लेकर समस्त क्षेत्र वासियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

## जन्म जन्मान्तरो के पुण्य संचय होने पर है पर ही परमात्मा से मिलता है मानव शरीरः पंकज जी महाराज

**कैसरगंज के ग्राम पंचायत बघैइया पहुंची आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज। बहराइच। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के मुख्यालय मथुरा से संस्थाध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज के सानिध्य में निकली आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा अब अन्तिम चरण में बहराइच जिले में भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में वह शनिवार को अपने चौरानबवें पड़ाव मे कैसरगंज के ग्राम बघैया पहुंची। यहां आयोजित सत्संग समारोह में सन्त पंकज जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा जन्म-जन्मान्तरों के पुण्य जब संचय होते हैं तो परमात्मा मनुष्य शरीर देते हैं और सत्संग सुनने का अवसर मिलता है। सत्संग की महिमा अगम अपार है। यहाँ किसी की निन्दा आलोचना नहीं की जाती है। यहां तो भगवान की भक्ति के प्रति प्रेम श्रद्धा पैदा किया जाता है। यह तन तुमने दुर्लभ पाया। कोटि जनम भटका जब खाया।। अब याको बिरथा मत खोओ। चेतो छिन-छिन भक्ति कमाओ।। पंक्तियों को उद्धृत करते हुये कहा करोड़ों जन्मों में भटकने के बाद यह अमोलक मानव तन आप को मिल गया है। अब इसको दुनिया की ऐशो, इशरत, शराबों, कबाबों में बर्बाद न करो। कुछ समय निकाल कर मालिक की याद कर लिया करो। यही पूजा इबादत अन्त समय में आप के काम आयेगी। महाराज जी ने साधना का रास्ता व सुमिरन, ध्यान, भजन की विधि समझाया तथा परस्पर मिल जुलकर रहने की अपील करते हुये कहा जब परमात्मा ने सबके शरीर की रचना एक जैसे की है तो अपने मिलने का रास्ता अलग-अलग कैसे बनाया होगा। उन्होंने कहा समाज में व्याप्त हिंसा और अपराध अशुद्ध खान-पान के कारण है। आप सब लोग मान्साहार छोड़कर शाकाहारी बनें, शराब व अन्य घातक नशों का त्याग करें। अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें। जयगुरुदेव आश्रम, आगरा-दिल्ली बाईपास मथुरा में आयोजित दादा गुरु जी के 76वें पावन वार्षिक भण्डारा सत्संग-मेला में भाग लेने का निमन्त्रण दिया। आयोजन में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।इस अवसर पर रमाकान्त चौहान, देशराज यादव, राजितराम यादव, राम प्रसाद, सहयोगी संगत सीतापुर से गोपीचन्द यादव, मोतीलाल, विजय मौर्या, मनोज, छत्तीस, भगवती मौर्या, लाल प्रसाद, कुलदीप, बृजमोहन, प्रधान कैलाश नाथ यादव, कल्लूराम, अनन्त, शिवकुमार, संजय कुमार सहित संस्था के कई पदाधिकारी व प्रबन्ध समिति व सामान्य सभा के सदस्य मौजूद रहे।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप, एक साल पहले हुई थी शादी



अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में नवविवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे में लटका मिला। जब परिजनों ने महिला को लटका हुआ देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के मायके पक्ष वाले हत्या का आरोप लगा रहे है। आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा के शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी राजू रैदास ने बताया कि वह शाम को अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। उसकी पत्नी नेहा घर के अंदर थी। जब काफी देर बाद राजू घर के अन्दर गया। दरवाजा बंद पाया, तो खिड़की से झांककर देखा, तो नेहा फांसी के फंदे में झूल रही थी। परिजनों ने किसी तरह से दरवाजा खोला और उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतका के पति ने बताया कि उसका किसी तरह से विवाद नहीं हुआ है। न ही किसी तरह से कहासुनी हुई है। नेहा के पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी 2023 में की थी। उसका पति शराब के नशे का आदी था। शराब पीकर आए दिन झगड़ा करता रहता था। अभी उसकी बेटी दीपावली के दिन आई थी। उसके बाद वापस चली गई थी। कल मेडिकल कॉलेज में भर्ती करने के बाद सूचना मिली, कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है। आप आ जाए।

## 250 कमर्शियल वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**अमेठी परिवहन विभाग की पहल, ठंड में सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए ठंड के मौसम से ठीक पहले अमेठी का परिवहन विभाग पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गया है। हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग ने लोडर और निजी उपयोग में लाए जाने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत आज एआरटीओ सर्वेश सिंह ने खुद सड़क पर उतरकर वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाए और लोगों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर लगवाएं, क्योंकि जीवन अमूल्य है। दरअसल, यूपी पुलिस द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत अमेठी का परिवहन विभाग भी सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। ठंड के साथ कोहरा बढ़ने से हादसों का खतरा अधिक होता है। इसे ध्यान में रखते हुए, विभाग लोडर और निजी वाहनों पर आगे और पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर लगवा रहा है। एआरटीओ सर्वेश सिंह ने बताया, कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचाव के लिए वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि दूर से ही वाहनों की पहचान हो सके और हादसों को टाला जा सके। साथ ही, एआरटीओ ने व्यवसायियों से भी अपील की कि वे अपने वाहनों पर अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर लगवाएं। उन्होंने कहा कि रेट्रो रिफ्लेक्टर की वजह से दूर से ही वाहन दिखने लगते हैं, जिससे टक्कर की संभावना घट जाती है और जनहानि रोकी जा सकती है।

अब तक लगभग 250 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा चुके हैं। विभाग की यह पहल न केवल वाहनों की सुरक्षा बढ़ा रही है, बल्कि सड़क हादसों पर भी प्रभावी नियंत्रण लाने में मददगार साबित हो रही है।

## चोरी का आरोप लगाकर मजदूर से मारपीट

**नाराज ग्रामीणों ने थाने के बाहर किया हंगामा, पीड़ित बोला- मिल मालिक और पुलिसकर्मियों ने पीटा**



अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में एक मजदूर पर चोरी का आरोप लगाकर राइस मिल के अंदर जमकर मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि डायल 112 पर तैनात पुलिस ने भी पीटा। चोरी किसी दूसरे ने की थी। चोरी करता देखकर हमने मालिक को बता दिया था, लेकिन चोरी करने वाले ने मेरा नाम ले लिया। पीड़ित ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचा। दूसरा पक्ष भी थाने पहुंचा गया। दोनों पक्षों ने तहरीर दे दी है। मिल मालिक ने भी पुलिस पर दो थप्पड़ मारने की बात को स्वीकार किया है। थाना प्रभारी ने कहा- चावल चोरी के आरोप में एक व्यक्ति ने मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप गलत है। घटना थाना बंडा की है। हनसापुर गांव के रहने वाले हीरालाल एक राइस मिल में मजदूरी करता है। पीड़ित हरीलाल ग्रामीणों के साथ बंडा थाने पहुंचे। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को वह मिल में काम कर रहा था। तभी एक व्यक्ति ने चावल की बोरी चोरी की थी। चोरी करता देखकर हमने मिल मालिक को बता दिया था, लेकिन चोर ने चोरी करने का इल्जाम मेरे ऊपर लगा दिया। उसके बाद मिल मालिक ने आफिस में बंद करके बहुत पीटा। उसके बाद मालिक ने डायल 112 पर तैनात पुलिस को बुला लिया। मालिक के सामने पुलिस ने बहुत बेरहमी से पीटा। करीब 15 मिनट तक उसको पीटते रहे। पत्नी छुड़ाने गई तो उसके साथ भी अभद्रता की गई। उसके बाद तमाम अन्य लोगों ने पहुंचकर हमको छुड़ाया। इसी बीच थाने में मालिक के मालिक विमल भी पहुंच गए। उन्होंने भी चोरी की तहरीर थाने में दी है। मिल मालिक विमल ने कहा- हमने कोई मारपीट नहीं की है। पुलिस ने पूछताछ करने के लिए दो थप्पड़ मारे थे। ग्रामीणों ने कहा कि हीरालाल पर चोरी का आरोप गलत है। इस तरह की हीरालाल ने कभी कोई घटना नहीं की है। थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने कहा कि एक व्यक्ति ने चोरी का आरोप लगाकर मारपीट का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष ने भी मिल से चोरी होने की तहरीर दी है। दोनों तहरीर में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जा रही है। पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप निराधार है।

## खेत में चारदीवारी के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**3 घायल अस्पताल में भर्ती, 8 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज**



अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बाबूगढ़ में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों में खेत में चारदीवारी के मुद्दे पर कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव बाबूगढ़ के निवासी नितिश ने बताया कि वह अपने बड़े भाई ऋतिक, चाचा सरजीत उर्फ सुरजीत और देवेश के साथ खेत में चारदीवारी कराने के लिए गया था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के अमरजीत, सोनू, राहुल, सचिन, शाहिल, राजकुमार, मनोज और अमित धारदार हथियार, रॉड, और कसला लेकर वहां पहुंच गए। उन्होंने आते ही नितिश और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। कहासुनी बढ़ने पर दूसरे पक्ष ने अचानक नितिश और उसके परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में ऋतिक, देवेश, और सरजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। जानलेवा हमले से खेत में अफरा-तफरी मच गई। विवाद और मारपीट की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना में देवेश और सरजीत की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना बाबूगढ़ के प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में विवेचना जारी है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस घटना की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं न हों।

## बांदा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



सड़क किनारे पड़ा मिला शव, 8 साल पहले हुई थी शादी

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। उसका शव रोड किनारे पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों ने जब युवक का शव पड़ा हुआ देखा तो तुरंत परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला गिरवा थाना क्षेत्र का है। यहां के रहने वाले महेश पुत्र इंदल साहु कल शाम को 5 बजे मेला देखने बासी गांव गया हुआ था। जब सुबह आज ग्रामीणों ने इंदल का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंदल के परिजनों ने बताया की उसकी शादी 8 साल पहले हुई थी और उसके कोई बच्चे नहीं थे। पिता जी सरकारी टीचर है। गिरवा थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह एक शव की पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## मानक विहीन सड़क बनाना ठेकेदार को पड़ा महंगा

**अमेठी कोतवाली में ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, एक करोड़ की लागत से बन रही थी सड़क**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में सड़क निर्माण में अनियमितता बरतना कार्यदायी संस्था को महंगा पड़ गया। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्यदायी संस्था के अनुबंध को निरस्त करते हुए उसे डिबार करने की संस्तुति की थी। इस मामले में विभाग के अवर अभियंता ने ठेकेदार के खिलाफ अमेठी कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल नाबार्ड आरआईडीएफ योजना के तहत अमेठी तहसील क्षेत्र के गुंगवाछ से मड़ौली होते हुए कमासिन पंडित का पुरवा तक एक करोड़ 16 लाख 10 हजार रुपये की लागत से सात सौ मीटर सड़क के निर्माण को मंजूरी मिली थी। मंजूरी के बाद लोक निर्माण विभाग ने निविदा प्रक्रिया से सुल्तानपुर जिले के सोहगौली के मेसर्स सुपर कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर अखिलेश पांडेय को काम पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। नामित संस्था ने 25 अक्तूबर को मार्ग पर लेपन का काम किया। लेपन का काम पूरा होते ही ग्रामीण सड़क पर आ गए थे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमे ग्रामीण हाथों और पैरों से नवनिर्मित सड़क को उखाड़ रहे थे।

वीडियो वायरल होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने जांच करवाई तो आरोप सही पाया गया। उसके बाद विभाग ने कार्यदायी सस्था के काम को बीच में बंद करवा दिया।

साथ ही अनुबंध को निरस्त करते हुए मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कार्यदायी संस्था को डिबार करने की संस्तुति भी की।अब लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता पतिराम ने अमेठी थाने में ठेकेदार अखिलेश पांडेय पर मुकदमा दर्ज करवाया है।एसएचओ बृजेश सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

# संक्षेप

## गाजियाबाद में बेटे के सामने पिता की हत्या

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद में बेटे के सामने पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बाइक खड़ी करने को लेकर युवक का पड़ोसी से विवाद हुआ। इसके बाद पड़ोसी पीटने लगा। थोड़ी देर में चाकू को लेकर आया। पेट और चेहरे पर मारकर हत्या कर दी। बेटा सामने खड़ा था, उसने रोकने की कोशिश की। उस पर हमला किया। इससे वो भी घायल हो गया। आरोपी बोला-'आज तेरा किस्सा खत्म कर दूंगा'। खोड़ा इंस्पेक्टर आनंद मिश्रा भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। घायल बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। ये घटना खोड़ा थाना क्षेत्र की है। इंद्रा विहार मस्जिद के पास नन्हे खान (56) अपने बेटे सलमान के साथ मजूदरी करता था। इसी गली में घर के सामने मोहम्म्द जाकिर का मकान है। पुलिस ने बताया कि गली में घर के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर पूर्व में भी विवाद हो चुका है। शाम को गली में बाइक को लेकर नन्हे व जाकिर के बीच कहासुनी हुई। जहां दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जाकिर पक्ष के लोगों ने चाकू से हमला बोल दिया, जिसमें चाकू लगने से नन्हे की मौत हो गई। इनका बेटा सलमान गंभीर रूप से घायल हो गया। सलमान जहां गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं सलमान के पिता नन्हे की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस अधिकारियों के सामने सलमान के परिजनों ने कहा कि आरोपी जाकिर पहले भी धमकी देता था। जो पूर्व में भी मारने की बात कह चुका था। शाम को अचानक से जाकिर पक्ष के तीन- 4 लोग चाकू लेकर गली में आ गए।

## मंदिर में चोरी के विरोध में व्यापारियों का हंगामा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के सबसे पॉश मार्केट में पुलिस चौकी के पास निमाणार्धीन मंदिर में चोरी का खुलासा नहीं होने पर व्यापारियों ने हंगामा कर दिया। पुलिस को अल्टीमेटम दिया है कि अगर जल्द ही बदमाश नहीं पकड़े गए तो वह जाम लगााने को मजबूर होंगे। सदर बाजार थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। सदर बाजार में शिव चौक पर डेढ़ साल से मंदिर का निर्माण चल रहा है। मंदिर निर्माण के लिए लोग यहां रखे बड़े दान पात्र में रुपए डालते थे। मंदिर समिति के लोगों का कहना है कि तकरीबन आठ लाख रुपए दान पात्र में थे। रविवार सुबह लोग पहुंचे तो देखा कि दान पात्र कटा हुआ था। उसमें बस 30-40 हजार रुपये ही बचे थे, बाकी पैसे चोर ले गए। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए कई टीम लगाई थी। मंदिर समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य के लिए श्रद्धालु दान पात्र में काफी रुपये डालते थे। व्यापारियों ने भी निर्माण में बड़ी धनराशि दान में दी थी। मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि माहेश्वरी और संयोजक राजीव बंसल ने बताया कि इतने मजबूत दान पात्र को काटना एक व्यक्ति का काम नहीं है।

# वीरागगना ऊदा देवी पासी का मना शहीद दिवस

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत क्षेत्र के भीटी हरपुर-बुदहट मार्ग पर स्थित अनन्तपुर चौराहे पर विरांगना ऊदा देवी पासी की मूर्ति पर शनिवार को कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने 1857 की क्रांति की अमर सेनानी वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वीरांगना के शौर्य को सराहना करते हुए जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि ऊदा देवी ने अपने पति की शहादत का बदला लेने के लिए बिना अपनी जान की परवाह किए ब्रिटिश सिपाहियों पर गोली चलाई थी जिसमें उन्होंने 36 ब्रिटिश जवानों पर गोलियां बरसा कर खुद शहीद हुई। हम कांग्रेसजन आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कार्यक्रम को कांग्रेस सहजनवां ब्लाक अध्यक्ष गब्बूलाल प्रजापति, संजय सिंह, बद्रीनाथ शुक्ला, डा महेश पासी ने वीरांगना ऊदा देवी पासी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान तिर्थराज, जग्गूलाल गुप्ता, श्रवण यादव, गोपाल जी, जोखू निषाद आदि मौजूद रहे।

## पत्नी के विवाद को लेकर ससुराल के लोगो ने पति को पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र उत्तरी कोलिया में पत्नी के विवाद को लेकर ससुराल के लोगो ने पति को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के उत्तरी कोलिया निवासी सावर पुत्र रुदल का पत्नी को लेकर ससुराल पक्ष से विवाद चल रहा है। 9 अक्टूबर को 8.30 बजे वह दुकान बंद कर चौराहे पर जा रहा था। उसी दौरान ससुराल पक्ष के लोग उसे रास्ते में रोक लिए और गाली गलौज करते हुए। मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अनिल, राजू, गोरख, फतेबहादुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेन्ट गीडा मे सीए हिमांशु ने वित्तीय प्रबंधन पर व्याख्यान किया

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेन्ट गीडा गोरखपुर मे सीए हिमांशु का वित्तीय प्रबंधन पर एक व्याख्यान का आयोजन मैनेजमेन्ट के छात्रों के लिए किया गया जिसमें बोलते हुए उन्होने कहा वित्तीय साक्षरता किसी भी स्कूल या कॉलेज में नहीं सिखाई जाती है। तीन घंटे का यह सत्र इतना आकर्षक और प्रभावशाली था कि छात्रों और शिक्षकों को समय के बीतने का पता ही नहीं चला। एमबीए छात्रों ने आम आदमी द्वारा वर्तमान समय में सामना की जाने वाली कठिनाइयों से संबंधित कई प्रासंगिक प्रश्न पूछे। हमारे अतिथि वक्ता, सीए हिमांशु बैरोलिया ने जटिल वित्तीय विषयों को बेहद सरल बनाकर प्रस्तुत किया और यह सुनिश्चित किया कि छात्र आज से ही सत्र में सीखी गई बातों को लागू करना शुरू करें। छात्रों को स्टॉक मार्केट के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मिली, जो उनके लिए वास्तव में आंखें खोलने वाला सत्र था। उन्होंने यह समझा कि अगर धन को सही तरीके से उपयोग में लाया जाए तो यह क्या चमत्कार कर सकता है। निदेशक डॉ. एन के सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं को वास्तविक व्यवसायिक परिवेश से परिचित होने का अवसर मिलता है। एमबीए विभागाध्यक्ष और समस्त शिक्षक गण उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण एवं कौशल विभागाध्यक्ष ने इस संगोष्ठी की व्यवस्था की।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 67 मामले में 4 का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान 67 मामले आए। जिसमे 4 मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व 37, पुलिस 13, विकास 8, अन्य 9 मामले थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। और पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, ईओ सूर्यकांत, सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# कोटा चयन में धांधली की शिकायत पहुंचा मंडलायुक्त के पास दिए निर्देश

- उपजिलाधिकारी सहजनवां को जांच कराकर निरस्त करने का दिए आदेश
- ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार पर लगाया था धांधली करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर में कोटा चयन में धांधली को लेकर ग्रामीणों ने खूब हंगामा किया था। हंगामा को देखते हुए चयन में शामिल होने आए अधिकारी खिसक लिए थे। और एक पक्ष को जीतने में लग गए। जिसकी भनक ग्रामीणों को हो गई। तो विकलांग प्रत्यासी गुड़िया के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मंडलायुक्त से मिले और हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर चयन प्रक्रिया निरस्त कराने की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दोनों प्रत्याशियों के 188 और 188 मत मिले थे। लेकिन चयन में शामिल नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह ने राजनैतिक दबाव में आकर एक पक्षीय चयन का हवाला देने लगे। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संदर्भ उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने कहा कि शिकायत मिली है। आरोप की जांच कराई जायेगी। इस दौरान यशोदानंद, जय प्रकाश, आकाश, आयुष, पवन कुमार फूलचंद, पन्नेलाल, अवधेश, कविता, विद्यावती बंदना, खुशबू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क की भूमि पर अवैध अतिक्रमण सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड 10 लुचुई में सार्वजनिक रास्ते की भूमी पर किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर सभासद अजय कसेरा के नेतृत्व में दर्जन भर सभासदों ने उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन सौंप कर अवैध अतिक्रमण हटाने के मांग किया है। सभासद ने आरोप लगाया है कि सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए 28 अक्टूबर 2023 को निविदा हो चुका है। जिसमे नाली का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष सीसी का निर्माण रास्ते में अवैध अतिक्रमण के वजह से नहीं हो पा रहा है। जिससे विकास कार्य रुका हुआ है। प्रशासन से मांग है की अवैध अतिक्रमण हटाया जाय जिससे सीसी रोड का निर्माण कराया जा सके। ज्ञापन सौंपने वालो में लक्ष्मण, रिंकू सिंह, रविंद्र, बृजेश यादव, चंद्रिका यादव, मनोज सिंह, धनंजय सिंह मौजूद थे।

# युवती ने जान मॉल की सुरक्षा हेतु लगाई न्याय की गुहार

**संपूर्ण चल अचल संपत्ति की हकदार बेटी तो दूसरे व्यक्ति के नाम कैसे हुआ शस्त्र लाइसेंस**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित है और काफी प्रयास भी कर रही है कि महिलाएं सुरक्षित रहे और समय समय पर निर्देश जारी कर के अधिकारियों को अवगत भी कराया जाता है ताकि कोई लापरवाही के कारण महिलाओं के साथ कोई घटना न घटित हो जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अर्चना तिवारी पुत्री स्व० सुरेंद्र कुमार तिवारी पत्नी अरुण कुमार तिवारी ने एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरे पिता स्व० सुरेंद्र कुमार तिवारी निवासी ग्राम कंसाही पोस्टझभैंसाली थाना बकेवर जिला फतेहपुर ने अपनी सम्पूर्ण चल अचल संपति की रजिस्टर्ड वसीयत मेरे नाम कर दी थी। अर्चना तिवारी ने बताया कि जब संपूर्ण चल अचल संपत्ति की रजिस्टर्ड वसीयत मेरे नाम है तो मेरे पिता का शस्त्र लाइसेंस छोटू तिवारी के नाम कैसे जारी हो गया। मेरे पिता के द्वारा की गई वसीयत का वाद तहसीलदार बिन्दकी के समक्ष चल रहा है। मुकदमे की निहित तारीख को बयान देने के लिए मै अपने पति के साथ जा रही थी तभी रस्ते में छोटू तिवारी ने मुकदमा वापस लेने को कहा और मुकदमा वापस न लेने की स्थिति में गोली मारने की धमकी दी और मेरे परिवार को भी नष्ट करने की धमकी दी। अर्चना तिवारी द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में अधिकारियों से शस्त्र( बंदूक ) को बकेवर थाने में जमा करने की गुहार लगाई है।

# गाजियाबाद में गिफ्ट गैलरी में लगी आग

- आसपास की दुकानों तक फैली; धुआं होने के चलते दमकल कर्मियों को हुई दिक्कत, पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में मेवाड़ कॉलेज के सामने वसुंधरा में बनी मार्केट में आग लग गई। आग सबसे पहले एक गिफ्ट गैलरी की दुकान में लगी और फिर उसने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। धुंआ अधिक होने के चलते दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी परेशानी हुई। तीन दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। गाजियाबाद में चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया वैशाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि वसुंधरा में स्थित मेवाड़ कॉलेज के सामने दुकानों में आग लग गई है। तुरंत तीन फायर टैंकर दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंच कर देखा कि गर्ग गिफ्ट गैलरी के लोअर ग्राउंड फ्लोर पर आग लगी हुई है जो तेजी से आसपास की दुकानों में फैल रही है। दमकल कर्मियों ने हौज पाइप फैलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन धुएं के चलते दमकल कर्मियों को काफी दिक्कत हुई। लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गा।

# गायत्री परिवार की शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर। सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन के कार्यकताओं ने अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नगर में आयोजित विशाल शोभा यात्रा में सम्मिलित मातृ शक्ति का स्वस्ति वाचन के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया।

गायत्री परिवार के चार दिवसीय समारोह के प्रथम दिन शनिवार को विशाल शोभायात्रा कलश होटल से प्रारम्भ होकर शहीद चौक, काला आम चौराहा, मोती बाग, डिप्टी गंज, अम्बर सिनेमा रोड, अम्बेडकर चौक, अंसारी रोड, रोडवेज बस स्टैंड, डीएवी फ्लाई ओवर से होती हुई गायत्री संस्कार पीठ पर सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं कलश एवं सत साहित्य सिर पर धारण कर सम्मिलित हुईं। राष्ट्र चेतना मिशन के दर्जनों कार्यकताओं ने शहीद चौक पर स्वस्ति वाचन, जयघोष और पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया। नगर पालिका चेयरपर्सन दीप्ति मित्तल, राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, गायत्री परिवार के जिला संयोजक कुलदीप मित्तल, घनेन्द्र शर्मा, मोहन सैनी, निशान्त जादौन, अरुण राजपूत, गिरधर चौधरी, केशव शर्मा, राजीव शर्मा आदि सम्मिलित रहे।

# अनूपशहर में गैरकानूनी नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

## अस्पताल सील, मरीज की मौत पर जांच का आदेश

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, बुलंदशहर के अनूपशहर में स्वास्थ्य विभाग ने गैर कानूनी रूप से चल रहे एक प्राइवेट नर्सिंग होम पर कार्रवाई की है। सीएमओ के आदेश पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. हिमेश मित्तल की अगुवाई में जांच की गई और प्राइवेट नर्सिंग होम को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद अनूपशहर में अन्य गैर कानूनी नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया है। मेडिकल ऑफिसर डॉ. हिमेश मित्तल के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी शीला देवी इलाज के लिए अनूपशहर के बुलंदशहर रोड स्थित 'मेरठ लाइफ लाइन नर्सिंग होम' पहुंची थी। नर्सिंग होम पर कार्यरत डॉक्टर की लापरवाही के कारण गलत दवाइयां दी गईं, जिसके परिणामस्वरूप महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई और इसके साथ ही एक लिखित शिकायत सीएमओ बुलंदशहर, डॉ. विनय कुमार सिंह को भी दी। सीएमओ ने मामले की गंभीरता को समझते हुए नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. हरेंदर बंसल के नेतृत्व में जांच के आदेश दिए। इसके बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. पीके मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस बल के साथ उक्त नर्सिंग होम की जांच की। जांच के दौरान नर्सिंग होम के संचालक द्वारा आवश्यक कानूनी दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके जिससे यह साबित हुआ कि नर्सिंग होम गैर कानूनी रूप से संचालित हो रहा था। इस पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. हिमेश मित्तल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नर्सिंग होम को सील कर दिया और विभागीय अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया। इस मामले में नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. हरेंदर बंसल ने कहा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह कार्रवाई अनूपशहर के बुलंदशहर रोड स्थित गैर कानूनी नर्सिंग होम के खिलाफ की गई है। भविष्य में भी यदि ऐसी कोई घटना सामने आती है तो विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। हम सभी नर्सिंग होम संचालकों को चेतावनी देना चाहते हैं कि वे नियमों के मुताबिक काम करें।

# युवक को पीटा



**गदाना गांव में एक शादी समारोह में दो पक्ष भिड़े; पुलिस ने छुड़वाया**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद में युवक को पीटने का मामला सामने आया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस तहरीर आने पर कार्रवाई करने की बात कह रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बीस से अधिक लोग एक युवक को बेहरमी से पीटे रहे हैं। युवक अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भाग रहा है। जब वीडियो के बारे में पड़ताल की तो पता चला कि मोदीनगर- हापुड़ मार्ग पर गांव गदाना स्थित एक शादी समारोह में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मामला मारपीट में बदल गया। बीस से अधिक लोगों ने युवक की बेहरमी से पिटाई की। एसीपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल मारपीट का वीडियो संज्ञान में आया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि वीडियो बुधवार दोपहर का बताया जा रहा है।

# गाजियाबाद में सिग्नल केबिल चोरी, मालगाड़ियों का आवागमन प्रभावित

**मोहिउद्दीनपुर से न्यू पिलखुवा तक रेलवे ट्रैक रहा बाधित, डीएफसीसीआईएल की टीम ने नए केबिल बिछाए**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, मोदीनगर के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (मालगाड़ियों के आवागमन के लिए अलग से बनाया गया रेलवे ट्रैक) से चोर लाखों रुपये की कीमत के सिग्नल केबिल चोरी कर ले गए। इस कारण लगभग 12 मालगाड़ियों का आवागमन घंटों बाधित रहा। सूचना पाकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) की टीम मौके पर पहुंची और केबिल बिछाकर सिग्नल शुरू किया गया। मामले में जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर की तरफ से भोजपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मालगाड़ियों के आवागमन के लिए देश में दो कॉरिडोर बनाए गए हैं। जिनमें एक कॉरिडोर अमृतसर से मेरठ, मोदीनगर होते हुए खुर्जा जंक्शन पहुंचता है। दूसरा कॉरिडोर भी खुर्जा पहुंचकर पश्चिम बंगाल जाने वाले रेलवे ट्रैक से जुड़ जाता है। मोदीनगर तहसील से होकर गुजरने वाले कॉरिडोर से सिग्नल केबिल चोरी हुआ है। जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर मोहित कुमार शर्मा के अनुसार, रेलवे स्टेशन मास्टर न्यू पिलखुवा अनिल कुमार कुशवाहा की तरफ से सिग्नल विभाग एवं सुरक्षा विभाग को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक फेल हो गया है। सूचना पर उनके साथ टीम ने पहुंचकर जांच की तो पता चला कि भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव किल्होड़ा के निकट मैन लाइन से सेंसर के सिग्नल केबिल गायब है।

चोरों ने लगभग 60 मीटर सेंसर सिग्नल केबिल चोरी किया है। जिसकी कीमत लाखों रुपये है।

# भारत में पहली बार अपोलो अस्पताल में 75 साल की मरीज के दिल पर लगा लीडलेस पेसमेकर

## धीमी हृदय गति के उपचार में हुआ एबॉट के लीडलेस पेसमेकर एवियर वीआर का इस्तेमाल

**डॉक्टरों ने इसे हृदय देखभाल चिकित्सा में एक नए युग की शुरूआत बताया**

**मरीज को संक्रमण का जो?खिम कम, आसानी से हटाए जाने में भी सक्षम**

**अमन लेखनी समाचार**

बरेली। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में नई सफलता हासिल की है। भारत में पहली बार एक मरीज में लीडलेस पेसमेकर का प्रत्यारोपण हुआ है जो न सिर्फ मरीज के संक्रमण का जो ?खिम कम करता है बल्कि इसे आसानी से हटाया भी जा सकता है। नई दिल्ली ?स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के क्लिनिकल लीड और कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी में एक प्रतिष्ठित अग्रणी डॉ. वनिता अरोड़ा ने यह सफलता हासिल की है। इनका कहना है कि यह भारत में हृदय देखभाल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत है।

डॉक्टरों का कहना है कि इस पहले सफल प्रत्यारोपण के साथ भारतीय कार्डियोलॉजी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता पेसमेकर प्रौद्योगिकी में एक छलांग का प्रतिनिधित्व कर रही है और हृदय ताल प्रबंधन की आवश्यकता वाले मरीजों खासतौर पर जिन्हें संक्रमण का जो ?खिम बहुत ज्यादा हो सकता है, उनमें एक नई आशा भी लेकर आई है। डॉ. वनिता अरोड़ा ने बताया कि इनोवेटिव लीडलेस पेसमेकर को एक ट्रांसवेनस यानी कैथेटर-आधारित प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्यारोपित किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि पारंपरिक सर्जिकल चीरा की आवश्यकता खत्म हो गई और उसकी वजह से होने वाला उच्च जोखिम और संक्रमण का खतरा भी कम हो गया।

जानकारी के अनुसार, एबॉट कंपनी ने कुछ ही समय पहले एक लीडलेस पेसमेकर लॉन्च किया जो धीमी हृदय गति के उपचार में प्रत्यारोपित होता है। इसे एवियर वीआर के नाम से जानते हैं जिसमें प्रत्यारोपित होने से पहले स्थिति का आकलन करने की मैपिंग क्षमता है। अन्य की तुलना में इसकी बैटरी लाइफ भी अधिक है। डॉ. वनिता अरोड़ा ने बताया कि एक 75 वर्षीय महिला मरीज में इसका प्रत्यारोपण किया गया जो थकान, ऊर्जा की हानि और प्रीसिंकोप (ऐसा महसूस करना कि आप बेहोश होने वाले हैं) से परेशान थीं। चिकित्सा जांच के बाद मरीज में



सिक साइनस सिंड्रोम का पता चला। यह एक ऐसी चिकित्सा स्थिति है जहां हृदय का प्राकृतिक पेसमेकर उम्र के साथ खराब हो जाता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप के अलावा बार-बार मूत्र पथ के संक्रमण के चलते मरीज को पारंपरिक पेसमेकर सर्जरी से संबं ?धित जटिलताओं का उच्च जोखिम भी था। ऐसे में डॉक्टर ने एवियर वीआर लीडलेस पेसमेकर के साथ एक न्यूनतम इनवेसिव और ट्रांसवेनस प्रक्रिया के जरिए सफलता हासिल की। यह इसलिए ताकि चीरा और डिवाइस पॉकेट की आवश्यकता समाप्त हो गई। इसका एक फायदा यह रहा कि रोगी के संक्रमण का खतरा काफी कम हो गया।

डॉक्टर ने बताया कि एवियर वीआर लीडलेस पेसमेकर में कई अनूठी विशेषताएं हैं जिसमें इसे सुरक्षित हटाने या समायोजन के लिए पुनर्प्राप्ति क्षमता के साथ साथ दोहरे कक्ष उन्नयन की क्षमता और 17 साल तक की असरदार अव ?धि शामिल है। यह क्रांतिकारी उपकरण हेमोडायलिसिस के रोगियों और उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जिन्होंने पहले किसी पेसमेकर की वजह से संक्रमण का अनुभव किया है। इसे लेकर दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक शिवकुमार पट्टाभिरामन ने कहा, ल्लइंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स में, हमें भारत में हृदय देखभाल में नवीनतम प्रगति लाने में अग्रणी होने पर गर्व है। एवियर वीआर एबॉट लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण रोगी देखभाल में एक नए युग का प्रतीक है, जहां नवाचार करुणा से मिलता है। यह अग्रणी प्रक्रिया हमारे रोगियों को अत्याधुनिक तकनीक और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शा रही है। इन क्रांतिकारी उपचारों को अपनाकर हम न केवल अपने रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में हृदय देखभाल में नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं।₹

वहीं इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के कार्डिएक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विभाग की क्लिनिकल लीड डॉ. वनिता अरोड़ा ने कहा, ल्लएवियर वीआर एबॉट लीडलेस पेसमेकर कार्डियक थेरेपी में एक गेम-चेंजर है। यह न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण पेश करता है जो सीधे तौर पर मरीजों के हित में है। पारंपरिक सर्जिकल प्रक्रियाओं में चीरा लगना जैसी चुनौतियों से आजादी भी देता है। यह तकनीक न केवल रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है, बल्कि संक्रमण और जटिलताओं के जोखिमों को भी काफी हद तक कम करती है। वह भी तब, जब जटिल चिकित्सा स्थितियों वाले मरीजों में जो ?खिम ज्यादा हो। इस उन्नत पेसमेकर के उपयोग में अग्रणी होकर, हम न केवल देखभाल के मानक को बढ़ा रहे हैं बल्कि भारत में कार्डियक लय प्रबंधन के भविष्य को भी नया आकार दे रहे हैं। यह रोगी-केंद्रित समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो सुरक्षा, प्रभावशीलता और दीर्घकालिक कल्याण को प्राथमिकता देता है।₹

### इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के बारे में :

भारत का पहला जेसीआई मान्यता प्राप्त अस्पताल इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स, दिल्ली सरकार और अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम है जिसकी स्थापना जुलाई 1996 में हुई। यह अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप द्वारा स्थापित तीसरा सुपर-स्पेशियलिटी तृतीयक देखभाल अस्पताल है जो करीब 15 एकड़ में फैला है। यहां 300 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ साथ 700 से अधिक ऑपरेशनल बेड, 19 ऑपरेशन थिएटर, 138 आईसीयू बेड, चौबीसों घंटे फामेर्सी, एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं, 24-घंटे आपातकालीन सेवाएं और एक सक्रिय एयर एम्बुलेंस के साथ 57 विशिष्टताएं शामिल हैं।

इतना ही नहीं, दिल्ली के इस अपोलो हॉस्पिटल में किडनी और लीवर ट्रांसप्लांट का कार्यक्रम पूरे देश में सबसे अग्रणी है। भारत में पहला बाल चिकित्सा और वयस्क यकृत प्रत्यारोपण इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में ही सफलता के साथ किया गया। यह अस्पताल चिकित्सा प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता में भी सबसे आगे है। यह अपने रोगियों की देखभाल के लिए नवीनतम नैदानिक, चिकित्सा और शल्य चिकित्सा सुविधाओं की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है। अस्पताल ने 64 स्लाइस सीटी और 3 टेस्ला एमआरआई, नोवालिस टीएक्स और एकीकृत पीईटी सूट की शुरूआत के साथ भारत में सबसे परिष्कृत इमेजिंग तकनीक पेश की है।

एक अभूतपूर्व प्रगति में, इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स ने हाल ही में अढ-जाइरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म पेश किया है, जिसने पूरे दक्षिण एशिया में ब्रेन ट्यूमर के इलाज में क्रांति ला दी है। यह अत्याधुनिक तकनीक पारंपरिक मस्तिष्क सर्जरी के लिए एक गैर-आक्रामक विकल्प प्रदान करती है, जो रोगी के बेहतर परिणाम और आराम का वादा करती है। रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट और तकनीकी टीम के अनुभव और विशेषज्ञता से समर्थित, इंद्रप्रस्थ अपोलो क्रांतिकारी फअऊकअउळ - 9 भी लाता है जो विभिन्न प्रकार के कैंसर को सटीक रूप से लक्षित करने के लिए इमेजिंग और उपचार वितरण को जोड़ता है। इसके अतिरिक्त, अस्पताल अब अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करता है। जटिल कार्डियक अतालता के उन्मूलन के लिए आर्ट प्रिसिजन एनसाइट 3डी मैपिंग सिस्टम, परिशुद्धता और देखभाल के साथ विभिन्न प्रकार की स्थितियों का इलाज करने में अपनी उन्नत क्षमताओं को और बढ़ाता है। इंद्रप्रस्थ अपोलो ने निवारक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रमों की अवधारणा को आगे बढ़ाया है और दशकों से एक संतुष्ट ग्राहक आधार तैयार किया है। पिछले कुछ वर्षों से द वीक सर्वेक्षण में अस्पताल को लगातार भारत के सर्वश्रेष्ठ 10 अस्पतालों में स्थान दिया गया है।

## विशाल कलश यात्रा के साथ हुई श्रीराम महायज्ञ की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। नगर के बड़ी देवी मंदिर में श्रीराम महायज्ञ एवं रामकथा की शुरूआत आज विशाल कलश यात्रा के साथ महिलाओं एवं पुरूषों ने ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा बैंड बाजे घोड़े के साथ उत्साह पूर्वक निकाली। बताते चलें के नगर के बड़ी देवी मंदिर में विशाल शोभा यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ की कलश यात्रा के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए बैंड बाजे घोड़े के साथ कस्बे के थाना चौराहा, मलीकुआं चौराहा, तहसील रोड से होते हुए बड़ी देवी मंदिर में समापन किया गया। इस बुंदेलखंड रामोत्सव महाकुंभ में अनंत विभूति काशी पीठाधीश्वर महाराज जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद जी महाराज के मुखारविंद से भगवान राम की कथा सुनाई जायेगी। श्री राम कथा सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक 9 दिनों तक अनवरत चलती रहेगी।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में इक्कीस जोड़ों ने थामे एक दूसरे के हाँथ

**अमन लेखनी समाचार**

बिवाँर, हमीरपुर। छानी खुर्द में मेला परिसर पर शनिवार के दिन सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ ,जिसका आयोजन समाजसेवी संस्था ₹काजल फाउंडेशन₹ ने किया ।आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों में सिर्फ विमलेश कुमारी जिलापंचायत सदस्य नौरंग ही आ सकीं ।कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार सुबह ग्यारह बजे हुआ जिसमें धार्मिक रीति -रिवाजों के साथ यज्ञ वेदी में सभी जोड़ों को मंत्रोच्चार के साथ सप्तपदी की शपथ दिलाई गई और सभी ने सात फेरे लिए ।सभी जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनभर साथ रहने की शपथ ली और सभी के परिजनों एवं आयोजनकर्ता कमेटी के सदस्यों ने विवाहित जोड़ों के साथ यादगार फोटो भी खिंचवाईं ।कमेटी के अध्यक्ष दीपक साहू ने बताया कि सम्मेलन में विवाह के लिए राजिजस्ट्रेशन शुल्क ग्यारह सौ निर्धारित किया गया था ।बताया सभी जोड़ों को पायल ,बिछिया ,नाक की कील ,बक्सा ,श्रृंगारदान ,मोबाइल फोन एवं अन्य गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप दिया गया ।कार्यक्रम के आयोजन में ग्रामप्रधान अरुण कुमार वर्मा ,हरगोविंद प्रजापति जिलापंचायत सदस्य ,श्रीविलास शिवहरे ,राहुल कुमार साहू ( कार्यक्रम संयोजक ) ,विपिन वर्मा , नीरज विश्वकर्मा ,प्रेमचंद प्रजापति एवं बिवाँर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के साथ पुलिस स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

## एक पखवारे से डीएपी के साथ गेहूं का बीज सरकारी संस्थानों से गायब, किसान परेशान

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। बुवाई के पीक सीजन में डीएपी के साथ गेहूं का बीज सरकारी गोदाम से गायब होने से किसान परेशान है। किसान मजबूर होकर बाजार से घटिया किस्म की डीएपी एवं गेहूं का बीज महंगे दामों में खरीदकर बोने को विवश हो रहा है।

गत वर्ष रबी सीजन में ब्लॉक क्षेत्र में ओलावृष्टि होने से गेहूं की फसल को करारा झटका लगा था और हजारों किसान गेहूं की फसल काटने से वंचित हो गए थे। इससे ब्लाक की ज्यादातर पंचायत में गेहूं के बीज का अभाव हो गया है। किसान मजबूर होकर गेहूं का बीज खरीद रहा है। पिछले एक पखवारे से ब्लॉक की सभी सहकारी समितियों से डीएपी गायब है। कब तक आएगी कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। यही हाल राजकीय बीज भंडार का है। यहां भी एक पखवारे से गेहूं का बीज नहीं है। प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि 1500 क्विंटल गेहूं के बीज की डिमांड लगाई थी। अभी तक महज 500 क्विंटल प्राप्त हुआ है। उच्च अधिकारियों ने 20 नवंबर के बाद बीज आने की बात कही है। एडीसीओ सहकारिता सुरेश चंद ने बताया कि डीएपी के लिए डिमांड लगी है। रैक लगने के बाद अगले सप्ताह से डीएपी आने की उम्मीद है। टेढ़ा के किसान सौरभ सिंह, पचखुरा बुजुर्ग के शिव सिंह, पारा रैपुरा के बिहारीलाल, विदोखर पुरई के उदयभान यादव, विदोखर मेदनी के राजाराम कुशवाहा, पलरा के इंद्रपाल सिंह, बांकी के बाबूराम यादव, धरमपुर के पप्पू पाल, कलौली जार के नंदराम, नदेहरा के बब्बू खान, बांक के लल्लूराम, बिलहड़ी के जयवीर सिंह, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग के रामबिहारी, भौनिया के रामकरण, पचखुरा खुर्द के बाबू यादव आदि किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों से डीएपी के साथ गेहूं का बीज गायब होने से मजबूर होकर बाजार से डीएपी और गेहूं का घटिया बीज महंगे दामों में खरीदकर बोने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा दशकों बाद हुआ है कि जब बुवाई के पीक सीजन में डीएपी के साथ गेहूं का बीज सरकारी संस्थानों से गायब है।

## मातृभूमि के लिए समर्पित सूरमा करतार सिंह सराभा की मनाई पुण्यतिथि

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। आजादी के संघर्ष मे शहीदों के माहात्म्य के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत मातृभूमि के लिए समर्पित सूरमा करतार सिंह सराभा की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने पुष्पांजलि देते हुये कहा कि सराभा वस्तुतः एक सच्चे युवा सरफरोश थे। सराभा का लुधियाना मे 24 मई 1896 को मंगलसिंह और साहिब कौर के घर जन्म हुआ था। लुधियाना मे प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1912 मे वह शिक्षा के लिए कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय अमरीका पहुंच गये। वहाँ पर 1913 मे गदर पार्टी की स्थापना मे इनका अहम योगदान था। 21 फरवरी 1915 भारत मे सशस्त्र विद्रोह की तिथि निश्चित होने पर भेदिया के कारण विद्रोह सफल नहीं हो पाया और इन्हें पुलिस ने कैद कर लिया। बाद में न्याय का नाटक कर गोरी सरकार ने इन्हें फांसी की सजा सुनायी और 16 नवम्बर 1915 को मात्र 19 वर्ष की आयु मे लाहौर जेल मे इन्हें फांसी दे दी गयी। देश की आजादी में इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। श्रृद्धांजलि कार्यक्रम मे सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्श, महावीर, संतोष, सागर सम्राट, भोलू सिंह, रिचा, दस्सी, अजय आदि शामिल रहे।

## पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने नही की कोई कार्यवाही**

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा,झांसी। गरौठा कोतवाली पुलिस अपनी खराब कार्यशैली को लेकर निरंतर सुर्खियो मे बनी रहती है। कभी गरौठा से बाइक चोरी हो जाती है तो कभी चोर किसी के घर में घुसकर अपना हाथ साफ कर देते है। इतना ही नहीं अबैध खनन के मामले में भी गरौठा थाना क्षेत्र किसी से कम नहीं है ।इस प्रकार की कार्यप्रणाली कही न कही गरौठा पुलिस की नाकामी साबित करती है ।ताजा मामला गरौठा कोतवाली के अंतर्गत ग्राम नहदौरा के पास का है जहां पीड़ित विपिन ने कोतवाली में 10 दिन पहले प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि वह अपने पिता के साथ ट्रैक्टर से गरौठा से बरारू गांव जा रहा था तभी नहदौरा के पास तीन चार लोगों ने ट्रैक्टर रोककर मेरे साथ मारपीट कर दी और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर बायरल हो रहा है। फिर भी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। न्याय के लिए दर दर की ठोकर खा रहे पीड़ित को न्याय मिलना अब असंभव सा लगता नजर आ रहा है। जो योगी सरकार निरंतर अपराधियो और अपराध पर लगाम लगाने की बात करती है तो दूसरी तरफ कुर्सी मे बैठे अफसर योगी सरकार की किरकिरी करने मे लगे हुए है। फिलहाल पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है ।अब देखना है कि गरौठा पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जाती है।

## अभाविप द्वारा रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

### राष्ट्रीय अधिवेशन के पोस्टर का किया गया विमोचन

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**




गरौठा,झांसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई गरौठा झांसी जिला ललितपुर विभाग के द्वारा शिव मंदिर आश्रम गरौठा में देव दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य से अतिथि के रुप में विभाग सह प्रमुख विनय कुमार, विभाग सह संयोजक हरिशचन्द्र नायक,जिला सह संयोजक नीतेश अग्रवाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष गरौठा डॉ. अरुण मिश्रा,नगर मंत्री विशाल पटसारिया आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत्र स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके साथ ही आदिवासी,जन नायक भगवान विरसा मुंडा जी की जयंती मनाई गई एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में विनय सिंह सर ने भगवान विरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। हरिशचन्द्र नायक ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा संगठन है हमारा संगठन सदैव छात्र हितों के साथ साथ राष्ट्रहित के लिए कार्य करने वाला संगठन है। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने कहा कि एबीवीपी की स्थापना ही छात्र हितों के लिए हुई थी जो छात्र संगठन राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर रहा है। डॉक्टर अरुण मिश्रा ने कहा कि गरौठा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जब से इकाई की घोषणा हुई है तब से यहां पर छात्र छात्राओं के हितों के लिए यहां के कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं। सफल कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी कार्यकताओं को बधाई दी। उनके अलावा सनद दीक्षित गौ सेवा प्रमुख,अवधेश सिंह फौजी जिला सहमंत्री वीएचपी,संतोष रावत नगर संघ चालक,नरेशचद्र गुप्ता नगर कार्यवाह,अध्यापक पंकज नायक,राकेश राजपूत, शिवम दीक्षित,हरिओम नायक ने अपना अपना उद्बोधन कर युवाओं को संबोधित किया। रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम में नगर सहमंत्री मुस्कान, दीक्षा, रश्मि, वैभव पटसारिया आदि का विशेष सहयोग रहा। इन सभी की सराहना सभी ने व्यक्त की। इस मौके पर नगर ईकाई गरौठा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अधिवेशन (गोरखपुर) के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष कौशिक ने किया एवं कार्यक्रम का आभार व्यक्त नगर मंत्री विशाल पटसारिया ने किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों,कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर ।बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, स्टांप एवं पंजीयन विभाग ,आबकारी विभाग ,परिवहन विभाग, वन विभाग,खनन विभाग ,विद्युत विभाग ,मंडी समिति ,नगरीय निकायों की वसूली की समीक्षा की तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली को प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर करेत्तर से संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाया जाए तथा वित्तीय वर्ष के अंतर्गत वसूली का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसको समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए ।कहा कि परिवहन विभाग द्वारा अवैध/ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की जाय ।प्रवर्तन कार्य नियमानुसार ही किया जाय इसमें किसी तरह की अनियमितता की शिकायत नहीं होनी चाहिए। यमुना पुल पर एनएचएआई की रिपोर्ट के अनुसार निर्धारित क्षमता तक के ही व्यावसायिक वाहन चले ,किसी भी दशा में ओवरलोड वाहन न चले। इस मौके पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, नगर पालिका / नगर पंचायतों , मंडी समिति, आबकारी विभाग, खनिज विभाग , विद्युत विभाग ,वन विभाग, रोडवेज विभाग की विविध देयो की वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए । कहा कि बकाया जमा न करने वालों की नियमानुसार आरसी जारी कर वसूली का कार्य किया जाए । अभियोजन कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मुकदमों में अभियोजन विभाग प्रभावी ढंग से पैरवी करे ताकि दोषी को दंड अवश्य मिल सके।

## मानवेंद्र यादव बने अ.भा.वर्षीय युवा यादव महासभा के विधानसभा मीडिया प्रभारी

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा, झांसी ।गरौठा के ग्राम बंगरा निवासी मानवेंद्र यादव को अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा का विधानसभा मीडिया प्रभारी झांसी मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर यादव समाज में हर्ष जताया। अखिल भारत वर्षीय युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव के निर्देशन पर अखिल भारत वर्षीय युवा यादव महासचिव के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू यादव की संस्तुति से मानवेंद्र यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी ग्राम बंगरा तहसील गरौठा जिला झांसी को विधानसभा मीडिया प्रभारी झांसी के पद पर मनोनीत किया गया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि वह ईमानदारी ने कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मिले 22 मोतियाबिंद रोगी

**शिविर में 248 लोगों की हुई जांच**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा मवई जार में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 22 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले जाया गया है। शिविर के आयोजक पुष्पेंद्र सिंह यादव ने बताया कि नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 210 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया। 22 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए जाने पर ऑपरेशन के लिए जानकी कुंड चित्रकूट ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि 170 लोगों का ब्लड प्रेशर चेक किया गया। 73 लोगों की शुगर जांच की गई। पांच मरीजों की टीवी की जांच शिविर में की गई। शिविर में डा. प्रदीप रजक, अमिता, शशि कला, आशीष कुमार ने मौजूद रहकर मरीजों को देखा। इस मौके पर संतराम, कामता प्रसाद, भवानीदीन, जगत तिवारी, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज अग्निकांड में मृत व घायल नवजातों के परिजनों से मिलने पहुंचे डॉ. संदीप

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

झाँसी। जनपद के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार की रात हुए अग्निकांड में 10 बच्चों की झुलसकर मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केंद्र में 54 नवजात भर्ती थे रात लगभग 10:30 बजे शॉर्ट सर्किट से वार्ड में आग लग गई। अग्निकांड में नवजात बच्चों की मृत्यु होना पूरे समाज के लिए दुख का विषय है। घटना की जानकारी मिलने पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने घायल और मृत नवजातों के परिजनों से बातचीत कर ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा यह घटना हृदय विदारक है 10 नवजात बच्चों का इस तरह काल के गाल में समा जाना अस्पताल की व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता है। यदि मौके पर जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित होते तो घटना इतना व्यापक रूप नहीं ले पाती, प्रदेश और जिला प्रशासन को इस मामले में गंभीर जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना चाहिये।

## ईंटा पथाई करने मथुरा जा रहे मजदूरों से भरी बस पलटी, दस घायल

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। राठ क्षेत्र से मजदूरों को लेकर मथुरा जा रही बस राठ उरई मार्ग पर मंगरौल मोड़ के पास बस की स्टेयरिंग फेल होने के चलते अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। इस हादसे में 10 मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पंहुचे सीओ सरीला घनश्याम सिंह सहित चिकासी पुलिस ने बस की खिड़की तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के बहगांव निवासी 40 मजदूर मथुरा में ईंट भट्ठे पर ईंटा पथाई करने जा रहे थे। शनिवार को तड़के साढ़े तीन बजे राठ उरई मार्ग पर पर रिहुंटा चौकी क्षेत्र के मंगरौल मोड़ के पास बस की स्टेयरिंग फेल हो जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पंहुची पुलिस ने अंदर फंसे मजदूरों को बस के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। इस हादसे में निशा 28 वर्ष पुत्री रामपाल, विक्की 29 वर्ष पुत्र रामपाल, ज्ञानवती 60 वर्ष पत्नी दशाराम, नेहा 10 वर्ष पुत्री प्रदीप, अनूप 16 वर्ष पुत्र प्रदीप, मोहनी 7 वर्ष पुत्री हरि सिंह, स्नेहा 5 वर्ष पुत्री हरि सिंह, शेखर 29 वर्ष पुत्र दुलीचंद, गोविंद दास 35 वर्ष पुत्र दुलीचंद, किशन लाल 45 वर्ष पुत्र लखन सहित 10 लोग घायल हुये हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। सीओ घनश्याम सिंह ने बताया कि हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



# अब ज्यादा फिल्में करने का लिया है फैसला : आमिर

**नई दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता आमिर खान ने अपने आने वाले दस साल के प्लान के बारे में बताया है। एक इंटरव्यू में आमिर ने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी भी एक साथ छह फिल्में नहीं की हैं। इस बार, मेरे पास इसके लिए अपनी वजह थी।' उन्होंने कहा, 'जब मैंने आखिरकार तय किया कि, 'ठीक है, मैं अभी फिल्में नहीं छोड़ूंगा', तो मेरे दिमाग में अगला विचार आया कि शायद ये मेरे कामकाजी जीवन के आखिरी 10 साल हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप जीवन पर भरोसा नहीं कर सकते, हम कल मर सकते हैं। इसलिए, मैं कह रहा हूं कि मेरे पास जीवन के लगभग 10 साल हैं। 'मैं 59 साल का हूं। जब तक मैं 70 साल का हो जाऊंगा, तब तक मैं उम्मीद करता हूं कि मैं अपना काम से लोगों को कुछ न कुछ देता रहूंगा।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## तुरंत कर दी 'नागिन' के लिए हां


बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने स्त्री बनकर बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। अब श्रद्धा कपूर के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। उनकी आनेवाली फिल्म को लेकर अपडेट आया है। श्रद्धा कपूर अब नागिन बन दर्शकों के दिलों पर राज करेंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म को लेकर अपडेट फिल्म के प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है। निखिल द्विवेदी ने कहा कि जब श्रद्धा कपूर को ये फिल्म ऑफर हुई तो उन्होंने तुरंत हां कर दी। वो सबसे पहले इस फिल्म का हिस्सा बनी थीं। निखिल ने बताया कि वो श्रद्धा के पास फिल्म के आइडिया के साथ पहुंचे थे, और वो इस आइडिया पर मान गईं। उन्हें फिल्म के शूट शुरू होने का इंतजार है। 'हम बस सोच रहे हैं कि फिल्म को फ्लोर पर किस तरह लाया जाता है, अगले साल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है।' निखिल ने कहा, 'पहली बात तो ये पूरी तरह से नया सब्जेक्ट है। इसका कोई भी कनेक्शन पहले बनी फिल्मों से नहीं है।

फिल्म बनाने का कारण यह है कि भारतीय लोककथाएं विचारों से भरी हुई हैं। हम बहुत उत्साहित हो जाते हैं जब कोई मकड़ी एक आदमी को काटती है, और वो स्पाइडमैन बन जाता है। लेकिन, जब कोई महिला सांप बन जाती है तो हम उसे बहुत हेय नजर से देखते हैं। हमें एक मौका दें, और हम लोगों की ये सोच बदल देंगे।' निखिल ने कहा कि आप एक अलग और सुपरनैचुरल फिल्म देखेंगे।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम्ब रेडर सीरीज के लिए दिया ऑडिशन

लॉस एंजिल्स। लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रैंचाइज पर आधारित टॉम्ब रेडर सीरीज एमी विजेता फ्लीबैग निर्माता फोबे वालर-ब्रिज द्वारा बनाई जाएगी। इस सीरीज के लिए अब लारा क्रॉफ्ट की भूमिका के लिए सोफी टर्नर से बातचीत हो रही है। गेम ऑफ थ्रोन्स में सैंसा स्टार्क की भूमिका के लिए मशहूर सोफी टर्नर कथित तौर पर प्राइम वीडियो के लिए आने वाली टॉम्ब रेडर सीरीज में हॉलीवुड स्टार लारा क्रॉफ्ट की प्रतिष्ठित भूमिका निभा सकती हैं। यह सीरीज लोकप्रिय टॉम्ब रेडर वीडियो गेम प्रैंचाइजी पर आधारित है, जिसे पहले एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने निभाया था।



# सुपरहीरो डैड बनना चाहते हैं क्रिस इवांस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिका के किरदार के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन, अब क्रिस एक सुपरहीरो पिता बनना चाहते हैं। फिल्म रेड वन के प्रमोशन के दौरान क्रिस ने कहा, 'पिता बनना काफी रोमांचक होगा।' एवेंजर्स अभिनेता ने सितंबर 2023 में पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा के साथ शादी की थी और अपनी शादी के छह महीने बाद 2024 वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में एक जोड़े के रूप में रेड कार्पेट जलवा बिखेरा था'। कैप्टन अमेरिका अभिनेता ने अपने सह-कलाकार ड्वेन जॉनसन के साथ अपनी आगामी फिल्म रेड वन का प्रमोशन किया और जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जॉनसन की तरह पिता की भूमिका निभाना चाहेंगे, जो तीन बेटियों के पिता हैं, तो इवांस ने कहा 'हां, मुझे उम्मीद है।



# ऋद्धिमा ने ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**मुंबई।** रिद्धिमा कपूर साहनी फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 में अपने ऑनस्क्रीन डेब्यू के बाद से ही सुर्खियों में हैं। शो में उनका व्यवहार लोगों को काफी पसंद आया। हाल ही में, उन्होंने अपने परिवार, भाई रणबीर और विशेष रूप से भाभी आलिया भट्ट की लगातार और अनावश्यक ट्रोलिंग के बारे में खुलकर बात की। शो से मिली सराहना के बारे में रिद्धिमा कपूर साहनी ने एक साक्षात्कार में शोबिज के अंधेरे पक्ष और ट्रोलिंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'लोग हमेशा कुछ न कुछ कहने के लिए ढूंढ़ लेते हैं। लोग मानते हैं कि यह सब विशेषाधिकार के बारे में है, लेकिन वे यह नहीं देखते कि हम क्या करते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में कनेक्शन रखने वाले लोगों को 'विशेषाधिकार प्राप्त' होने के नाम पर ट्रोल किया जाता है, इसलिए रिद्धिमा ने उन्हें समझाया कि विशेषाधिकार प्राप्त होने का मतलब है एक प्यार भरा परिवार होना और संतुष्ट महसूस करना।



# हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड में नामांकन

**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदु जीविथम - द गोट लाइफ' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को कहा अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके गानों को ए.आर. रहमान ने बनाया है। अब यह फिल्म हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड्स 2024 के लिए आधिकारिक घोषणा की गई है। ए.आर रहमान को दो फिल्मों के लिए नामांकित किया गया है। इसमें उनके 'पेरियोन' गाने को भी शामिल किया गया है। इस गाने के बोल रफीक अहमद ने लिखे हैं। वहीं, दूसरे नामांकम में ए.आर रहमान को फिल्म 'आदु जीविथम - द गोट लाइफ' के संगीत निर्देशन के लिए नामांकित किया गया है। हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड्स 2024 में फिल्म, गेम्स और अन्य चीजों में प्रयोग किए जाने वाले संगीत का नामांकन किया जाता है।

टीवी मसाला



# अभिषेक को 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में बुलाकर पछताए बिग बी

**नई दिल्ली।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को होस्ट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, शो के आने वाला एपिसोड काफी खास और पारिवारिक होने वाला है क्योंकि सेट पर बिग बी के लाडले अभिषेक बच्चन गेस्ट के रूप में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी फिल्म आई वांट टू टॉक का प्रचार करते नजर आएंगे, लेकिन प्रोमो की रिलीज के बाद ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपने फैसले पर पछता रहे हैं। हाल ही में, शो के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रोमो शेयर किया। इसकी शुरुआत अभिषेक के अपने पिता के सामने हॉट सीट पर बैठने से होती है। जब भी कोई प्रतियोगी क्विज शो में पुरस्कार जीतता है। अभिषेक अमिताभ को '7 करोड़' चिल्लाने की अपनी नकल के साथ ट्रोल करते रहते हैं। उनका कहना है कि अमिताभ अपने परिवार के साथ घर पर खाना खाते समय भी '7 करोड़' चिल्लाने से खुद को रोक नहीं पाते। अमिताभ खुश होते हैं और कहते हैं, 'गलती कर दी इनको यहां बुला के।' प्रोमो में अभिषेक की आई वांट टू टॉक के निर्देशक शूजित सरकार को स्टूडियो दर्शकों के बीच हंसते हुए देखा जा सकता है।

## अभिरा से अपना बच्चा छीनेगी रूही? परिवार के सामने आएगा अरमान और रोहित का सच

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अभिरा और अरमान ने अपना बच्चा खो दिया है और रोहित ने अपना बच्चा उन्हें दे दिया। रूही कोमा में है इसलिए वह सब कुछ से अनजान है, लेकिन जल्द ही बड़े ट्विस्ट आने वाले हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है के नए प्रीकैप में हम देखते हैं कि रूही (गरविता साधवानी) को होश आ जाता है। वह एक दुर्घटना का शिकार हो जाती है, जब वह अपने बच्चे का लिंग जानने के लिए एक बाबा के पास जाती है। उसे तत्काल ऑपरेशन करवाना पड़ा और रूही और रोहित (रोमित राज) को एक बेटा पैदा होता है। उसी समय, अभिरा (समृद्धि शुक्ला) गर्भावस्था के सात महीने में प्रसव पीड़ा में चली गई। हालांकि, डॉक्टर उसके बच्चे को नहीं बचा सके। रूही कोमा में चली गई और रोहित ने अपने बच्चे को अरमान (रोहित पुरोहित) और अभिरा को देने का फैसला किया, यह जानते हुए कि उसके भैया और भाभी को फिर से माता-पिता बनने का मौका नहीं मिलेगा।



# 'शॉर्ट पहनने की बात पर भड़कीं'



**मुंबई।** अभिनेत्री नीना गुप्ता अपने बोल्ड अंदाज और तीखे जवाबों के लिए जानी जाती हैं। नीना गुप्ता ने अब एक और तीखा जवाब दिया है। उन्होंने अपने शॉर्ट पहनने की बात पर करीना कपूर को जवाब दिया। अभिनेत्री नीना गुप्ता ने करीना कपूर के साथ किए एक शो के प्रोमो में अपने शॉर्ट्स पहनने की बात को लेकर चर्चा हुई। करीना कपूर ने सवाल किया, बहुत सारे लोगों ने कहा नीना गुप्ता इस उम्र में शॉर्ट्स क्यों पहनती हैं। करीना की इस बात पर नीना गुप्ता ने जवाब दिया, तुम्हारे बाप के पैसे ले के तो नहीं पहनती न। नीना गुप्ता ने कहा, एन्टोरेज संस्कृति पर अपने विचार भी साझा किए। उन्होंने कहा कि अगर निर्माता इसके लिए भुगतान करने को तैयार है तो ये ठीक है। बड़े स्टार का एन्टोरेज तो बड़ा होगा ही। जब निर्माता देता है तो ठीक है। जिन्हें नहीं पता उन्हें बता दें, एन्टोरेज संस्कृति एक ऐसी प्रथा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता और अभिनेत्रियां अपने साथ कई लोगों को साथ ले आते हैं। इस संस्कृति की कई लोगों ने आलोचना भी की है।


# 'एनबीके 109' का टाइटल टीजर जारी



मुंबई। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म 'एनबीके 109' के निर्माताओं ने शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।

# क्रिसमस पर रिलीज होगी 'बेबी जॉन'

**नई दिल्ली।** वरुण धवन 'सिटाडेल हनी बनी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब वे अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन की तैयारी में जुटे हैं। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। अब रिलीज से पहले वरुण ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसे देखकर सभी प्रशंसक हैरान रह गए हैं। वे अभिनेता के इस अवतार की तारीफ कर रहे हैं। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरा जैसे बहुत आए होंगे, लेकिन मैं पहली बार आया हूं। बेबी जॉन का दौर शुरू। इस वीडियो पर फैंस अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। प्रशंसक वरुण के पहले कभी न देखे गए अवतार को देखकर खुश हो रहे हैं। वे उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। और आज अभिनेता ने अपना आभार व्यक्त किया और सभी को धन्यवाद कहा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वरुण धवन ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने एक नया पोस्टर जारी किया और लिखा, 'बेबी, द लीजेंड अब शुरू होता है। प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद। बेबी जॉन एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है। फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा।



# अक्खड़ सिंगर, जिसकी अकड़ के आगे मामूली थे राज कुमार-राजेश खन्ना की शेखी

ये बॉलीवुड का वो नायाब सितारा है, जिन्होंने न सिर्फ हिट फिल्में दी बल्कि एक से बढ़कर एक सदाबहार गानें भी गाए। अब तो आपने अंदाजा लगा लिया होगा कि किसकी बात हो रही हैं। राज कुमार, राजेश खन्ना और फिरोज खान के घमंड के बारे में आपने बहुत सारे किस्से और कहानियां पढ़ी और सुनी होंगी। ये तीनों सितारे अपने समय के सुपरस्टार रहे हैं। तीनों ही शानदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करते थे।

## बातें सुन सकपका जाते थे फिल्म मेकर्स



**मुंबई।** आज हम आपको बॉलीवुड के उस सिंगर के बारे में बताएंगे, जिसकी बॉलीवुड में अपने 'विनोदी' स्वभाव के लिए काफी बदनाम था। इसके साथ ही वह अपने स्टारडम के आगे किसी को कुछ नहीं समझता था। यहां हम जिस महान शख्सियत के बारे में बात कर रहे हैं वो बॉलीवुड के अलबेले और सहाबहार सिंगर होने के साथ-साथ एक्टर भी रहे। वो हरफनमौला कलाकार अब शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी बेहतरीन आवाज और शानदार कलाकारी ने उन्हें आज भी फैंस के जहन में जिंदा रखा है। राज कुमार, राजेश खन्ना से लेकर फिरोज खान तक के अक्खड़ अंदाज के आपने कई किस्से कहानियां सुनी होंगी। लेकिन, क्या ये जानते थे बॉलीवुड के अक्खड़ सिंगर किशोर कुमार हुआ करते थे। उनके गाने और एक्टिंग के जितने किस्से फेमस हैं। उतने ही उनके मनमौजी व्यक्तित्व के भी किस्से हैं। वह काफी अडियल और मनमौजी सिंगर में एक थे। वह कोई भी काम किसी दवाब में आकर नहीं करते थे।

## संगीत की नहीं ली थी विधिवत ट्रेनिंग

संगीत की विधिवत ट्रेनिंग लिए बिना भी किशोर कुमार ने अपनी आवाज का जादू बिखेरकर लोगों को इससे जोड़ा। जहां इस बात ने उन्हें सबसे अलग बनाया। वहीं, वह अपने अकड़ में आकर अपने साथ काम करने वालों की कभी-कभी बेहद अपमानित कर देते थे। ऐसा ही एक किस्सा ऋषिकेश मुखर्जी संग जुड़ा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक बार की बात है। एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में जाने-माने निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी किशोर कुमार से मिलने उनके घर गए थे, लेकिन उनके वाचमैन ने उन्हें घर में घुसने से रोक दिया था और बेइज्जत करके भगा दिया था।

## घर के बाहर लगवा रखा था 'सावधान' का बोर्ड

किशोर कुमार अपने घर के बाहर 'किशोर कुमार से सावधान' का बोर्ड लगवा कर रखा था। एक बार प्रोड्यूसर-डायरेक्टर एचएस रवैल उन्हें पैसे चुकाने घर गए। पैसे देने के बाद जब वह किशोर कुमार से हाथ मिलाने लगे तो उन्होंने रवैल का हाथ मुंह में डाला और काटने लगे, यह देखकर रवैल सकपका गए तो किशोर बोले-क्या आपने साइनबोर्ड नहीं देखा?

## कोर्ट की मदद मांगी थी डायरेक्टर ने

कहा तो ये भी जाता है कि किशोर कुमार मनमौजी और अडियल स्वभाव की वजह से परेशान एक डायरेक्टर ने कोर्ट की मदद मांगी थी। उसने बाकायदा कोर्ट से एक एग्रीमेंट लिया, ताकि अगर शूटिंग के दौरान किशोर उनकी बात न मानें तो वह उनपर केस कर सके। ऐसा ही एक किस्सा मशहूर फिल्मकार बलदेव राज चोपड़ा के साथ ही जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि पारिवारिक रिश्ते के चलते किशोर चोपड़ा के पास काम मांगने गए तो उन्होंने कुछ शर्तें रख दी। इसका बदला उन्होंने डायरेक्टर से बखूबी लिया था।